आश्विन शुक्ल - 4 | संवत 2080 | वर्ष - 19 | अंक - 85 | पृष्ठ - 8 | रु. 5/- | बेंगलूरु » बुधवार » 18-10-2023 | www.dakshinbharat.com | Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को एक रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा

6 भाजपा की सूची से वसुंधरा समर्थकों में नाराजगी

7 महात्मा गांधी राजनीतिक प्रेरणा ही नहीं, बल्कि कूटनीति को भी प्रोत्साहन देते हैं : एस जयशंकर





## कूष्माण्डा

**सुरासम्पूर्ण कलशं रुधिराप्लुतमेव च। दधाना हस्तपद्माभयां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे।**

मां दुर्गाजी के चौथे स्वरूप का नाम कूष्माण्डा है। अपनी मंद हलकी हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों और अंधकार ही अंधार परिव्याप्त था, तब इन्हीं देवी ने अपने 'ईषत्' हास्य से ब्रह्माण की रचना की थी। अत: यही सृष्टि की आदि स्वरूपा, आदि शक्ति हैं। इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं।

## फर्स्ट टेक

### 'आयुर्वेद दिवस' दुनिया भर के 100 देशों में मनाया जाएगा

**नई दिल्ली/वार्ता।** धनवंतीनगर जयंती के अवसर पर आयुर्वेद दिवस इस वर्ष दुनिया भर के लगभग 100 देशों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा। आयुष मंत्रालय ने 11 नवंबर को धन्वंतरि जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले 'आयुर्वेद दिवस' के सफल आयोजन के लिए मंगलवार को विभिन्न मंत्रालयों की एक बैठक बुलाई। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आयुर्वेद दिवस सभी मंत्रालयों के परस्पर सहयोग और सहायता से एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाना चाहिए। कोटेचा ने कहा कि एक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद की मुख्य धारा पर 'आयुर्वेद दिवस' एक वैश्विक कार्यक्रम होगा।

### सुरक्षा अलर्ट को लेकर वर्साय पैलेस को कराया गया खाली

**पेरिस/एपी।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में सुरक्षा संबंधी खतरे को लेकर वर्साय पैलेस को खाली करवा लिया गया है। यह फ्रांस के उन स्थलों में से एक है जहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। चार दिनों में दूसरी बार इस महल को बंद करना पड़ा है । एक अध्यापक पर चाकू द्वारा हमला किये जाने की घटना के बाद देश में हमलों की आशंका बढ़ गयी है, ऐसे में अलर्ट बढ़ा दिया गया है। इस पूर्व राजकीय महल के सोशल मीडिया 'एक्स' एकाउंट पर कहा गया है, '' सुरक्षा कारणों से वर्साय पैलेस को आंगुतकों से आज मंगलवार को खाली कराया जा रहा है तथा उसके दरवाजे बंद किये जा रहे हैं।

| 18-10-2023 सूर्यास्त | 19-10-2023 सूर्योदय |
|---|---|
| 5:59 बजे | 6:10 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 66,428.09 | 19,811.50 |
| (+261.16) | (+79.75) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,223 रु. | 73,500 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### शस्त्र-दौड़

हम क्रेता प्रबल आयुधों के,  
है सबल हमारा शस्त्रागार।  
हिंसक फिर ना होगा कैसे,  
जन-मन का नैतिक व्यवहार।  
दुश्मन को भयभीत करें हम,  
वो भी करते रहते वार।  
धर्म अहिंसा सिर्फ किताबी,  
कड़वा सच कर लें स्वीकार।।

# किसी भी रूप में आतंकवाद का कोई भी कृत्य अनुचित : एनएसए डोभाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत  
dakshinbharat.com



■ भारत मध्य एशियाई देशों को यूपीआई तकनीक नि:शुल्क उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को कहा कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए सबसे गंभीर खतरा बना हुआ है और यह कृत्य किसी भी रूप में ''अनुचित'' है। कजाकिस्तान में भारत और मध्य एशियाई देशों के एनएसए के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए डोभाल ने भागीदार देशों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की भी पेशकश की।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने यह भी कहा कि भारत मध्य एशियाई देशों को 'यूनाइटेड पेमेंट इंटरफेस' (यूपीआई) से संबंधित तकनीक उनके स्वतंत्र उपयोग के लिए नि:शुल्क उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

सूत्रों के अनुसार, डोभाल ने कहा कि संप्रभु डिजिटल भुगतान प्रणाली स्थापित करने से भारत और मध्य एशिया के बीच वाणिज्यिक संबंधों में इजाफा होगा और उन लोगों को विशेषतौर पर लाभ होगा, जिन्हें चिकित्सा उपचार के लिए भारत की यात्रा करनी पड़ सकती है।

एनएसए ने कहा कि मध्य एशियाई देशों के साथ कनेक्टिविटी और आर्थिक एकीकरण भारत के लिए प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, हालांकि, कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते समय, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि कनेक्टिविटी पहल पारदर्शी और भागीदारीपूर्ण हो। डोभाल ने कहा कि कनेक्टिविटी पहल को सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए और उन्हें पर्यावरणीय मापदंडों का भी पालन करना चाहिए, वित्तीय व्यवहार्यता सुनिश्चित करनी चाहिए और कर्ज का बोझ नहीं बनना चाहिए।



## नेशनल फिल्म अवार्ड

# 'पुष्पा' के लिए अल्लू अर्जुन बेस्ट एक्टर, आलिया भट्ट और कृति सेनन बेस्ट एक्ट्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत  
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** 69वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स 2023 में फिल्म 'पुष्पा' के लिए अल्लू अर्जुन को बेस्ट एक्टर, और आलिया भट्ट तथा कृति सेनन बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड दिया गया है।

69वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स 2023 में सुपरहिट तेलुगु फिल्म पुष्पा- द राइज के लिए अल्लू अर्जुन को बेस्ट एक्टर का अवार्ड दिया गया,जबकि आलिया भट्ट को गंगूबाई काठियावाड़ी और कृति सैनन को मिमी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड दिया गया।आर माधवन की फिल्म रॉकेट्री- द नम्बी इफेक्ट को बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का अवार्ड दिया गया। विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स को अवॉर्ड्स समारोह में नरगिस दत्त अवॉर्ड राष्ट्रीय एकता सर्वश्रेष्ठ फिल्म कैटेगरी में विजेता चुना गया।एटंरटेन करने बेस्ट पॉपुलर फिल्म का अवार्ड आरआरआर को मिला।

पल्लवी जोशी को फिल्म (द कश्मीर फाइल्स) के लिये बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस और पंकज त्रिपाठी को फिल्म (मिमी) के लिये बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड दिया गया। वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

बेस्ट डायरेक्शन- निखिल महाजन मराठी फिल्म गोदावरी, स्पेशल जूरी अवॉर्ड फिल्म शेरशाह, बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन डीएसपी (पुष्पा और आरआरआर),बेस्ट कॉस्टयूम डिजाइनर- सरदार उधम सिंह, सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगिंग मेल काल भैरव और सर्वश्रेष्ठ महिला प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल बनीं।

# चन्द्रमा पर 2040 तक मानव मिशन भेजने की तैयारी के मोदी ने दिये निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत  
dakshinbharat.com



■ भारत 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्टेशन (केन्द्र) स्थापित करेगा और 2040 तक चंद्रमा पर मानव को पहुंचाएगा।

■ भारत इस समय मंगल और शुक्र ग्रहों के अध्ययन के अभियान में भी लगा हुआ है।

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा की, जिसमें आने वाले समय में अंतरिक्ष में खोज के भारत के प्रयासों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, भारत 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्टेशन (केन्द्र) स्थापित करेगा और 2040 तक चंद्रमा पर मानव को पहुंचाएगा। भारत इस समय मंगल और शुक्र ग्रहों के अध्ययन के अभियान में भी लगा हुआ है।

आज की समीक्षा बैठक में अंतरिक्ष विभाग ने प्रधानमंत्री के समक्ष गगनयान मिशन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। विभाग ने इस दिशा में अब तक विभिन्न नई प्रौद्योगिकियों के विकास में हुयी प्रगति की जानकारी दी। मनुष्य को अंतरिक्ष में ले जाने वाले में प्रयोग किए जा सकने वाले प्रक्षेपण वाहनों की प्रौद्योगिकी और उपयुक्त प्रणालियों के विकास में प्रगति शामिल है। बैठक में बताया गया कि अंतरिक्ष में मानव भेजने के तैयारियों के सिलसिले में बड़े परीक्षण किए जाएंगे, जिनमें तीन परीक्षण मनुष्यों की अंतरिक्ष यात्रा के लिए उपयुक्त प्रक्षेपणयान (एचएलवीएम3) के प्रक्षेपण की योजना है। एचएलवीएम3 के तीन अभियान मानवरहित होंगे।

विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अंतरिक्ष अभियान के क्षेत्र में भारत की अब तक की सफलताओं की नींव पर अब देश को नये महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए, उन्होंने इसी सन्दर्भ में 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक चाँद पर भारत का पहला मानव मिशन भेजने का लक्ष्य रखा।

## तमिलनाडु में दो पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट: 14 लोगों की मौत, दो घायल

**विरुधुनगर/वार्ता।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में मंगलवार को दो पटाखा फैक्ट्रियों में हुए विस्फोटों में 14 श्रमिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि श्रीविल्लिपुथुर के पास रेंगापालयम गांव में 'कनिष्कर फायरवर्क्स' फैक्ट्री में दोपहर बाद हुए भीषण विस्फोटों में महिलाओं सहित 13 श्रमिकों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अन्य घटना में, शिवकाशी के पास किचनाइकेनपट्टी गांव में एक निजी पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से एक कर्मचारी की मौत हो गई। दोनों फैक्ट्रियों में दमकल पहुंचे और कुछ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

# उच्चतम न्यायालय का 3:2 अनुपात में फैसला, समलैंगिक जोड़े बच्चे गोद नहीं ले सकते

दक्षिण भारत राष्ट्रमत  
dakshinbharat.com

■ पीठ ने विशेष विवाह कानून के तहत समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से सर्वसम्मति से इनकार कर दिया और कहा कि विवाह का कोई मौलिक अधिकार नहीं है।



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 3:2 के बहुमत से मंगलवार को गोद लिए जाने से जुड़े एक नियम को बरकरार रखा जिसमें अविवाहित और समलैंगिक जोड़ों के बच्चे गोद लेने पर रोक है।

पीठ ने हालांकि विशेष विवाह कानून के तहत समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से सर्वसम्मति से इनकार कर दिया और कहा कि विवाह का कोई मौलिक अधिकार नहीं है। न्यायालय ने यह भी कहा कि ऐसे संबंधों को वैध ठहराने के लिए कानून में बदलाव करना संसद का काम है।

इस संविधान पीठ में प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के अलावा न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा भी शामिल थे। पीठ ने चार अलग-अलग फैसले दिए और कुछ कानूनी मुद्दों पर न्यायाधीश एकमत थे जबकि कुछ मुद्दों पर उनकी राय अलग-अलग थी। न्यायालय ने 3:2 के बहुमत से समलैंगिक जोड़ों को गोद लेने का अधिकार देने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति कौल ने अपने दो अलग-अलग और एकमत फैसलों में, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) के दिशानिर्देशों में से एक को असंवैधानिक और अवैध माना।

# सरकारी योजनाओं से शहरों की बदल रही है तस्वीर : पुरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत  
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से शहरों के विकास के लिए अनेक ऐसे कार्य हुए हैं जिससे शहरी क्षेत्र की तस्वीर बदलने लगी है।

पुरी ने जनागृह संस्था की ओर से यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) , स्वच्छ भारत मिशन , स्मार्ट सिटी योजना , मेट्रो ट्रेन और रेहड़ी-पटरी वाले के लिए स्वनिधि आदि योजनायें सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा रही हैं, जिससे शहरी क्षेत्रों की तस्वीर बदलती हुई दिख रही है।

पुरी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के परिणाम बहुत बेहतर रहे हैं और कुछ ही दिनों में कचरा निपटान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली जायेगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का क्रियान्वयन भी बहुत बेहतर रहा है। इस योजना से बड़ी संख्या में लोगों को लाभ पहुंचा है। उन्होंने कहा कि मेट्रो ट्रेन क्षेत्र में बेहतर प्रगति करने वाला भारत दुनिया का दूसरा देश बन गया है। चीन के बाद भारत में सबसे ज्यादा लंबी मेट्रो लाइन निर्मित की जा चुकी हैं। इस क्षेत्र में भारत अमेरिका से भी आगे है। मार्च 2023 तक देश में 859 किलोमीटर मेट्रो लाइन बिछायी जा चुकी है और करीब 900 किलोमीटर मेट्रो लाइन पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि रेहड़ी पटरी वालों के लिए स्वनिधि योजना के तहत 50 लाख से अधिक लोगों को ऋण उपलब्ध कराया गया है। इसके परिणाम बहुत अच्छे रहे हैं।

# इजराइल और लेबनान सीमा पर भी तनाव बढ़ा

## हिज्बुल्ला के चार लड़ाके मारे गये

■ इजराइल ने धमकी दी है कि यदि हिज्बुल्ला नया मोर्चा खोलता है तो सभी लेबनानवासी दुष्परिणाम झेलेंगे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत  
dakshinbharat.com

**बेरूत/एपी।** लेबनान और इजराइल की सीमा पर मंगलवार को तनाव बढ़ गया तथा हिज्बुल्ला के चार सदस्य मारे गये। गाजा में इजराइली सेना और हमास आतंकवादी संगठन के बीच लड़ाई शुरू होने के साथ ही इजराइल और लेबनान के सशस्त्र समूहों के बीच छिटपुट झड़पें शुरू हो गयी थीं। लेबनान-इजराइल सीमा पर तनाव में वृद्धि इस आशंका के बीच हुई है कि लेबनान तक युद्ध फैल सकता है। लेबनान के हिज्बुल्ला ने फलस्तीनी उग्रवादी संगठन हमास के प्रति समर्थन जताया है ।

इजराइल लेबनान के इस सशस्त्र संगठन को अपना बहुत बड़ा खतरा मानता है। हिज्बुल्ला ने कहा है कि गाजा पट्टी में इजराइली सेना के घुसने से तनाव स्थिति बिगड़ेगी। वैसे हिज्बुल्ला और इजराइल के बीच अबतक गोलाबारी सीमा पर कई शहरों तक सीमित है।

इजराइल ने धमकी दी है कि यदि हिज्बुल्ला नया मोर्चा खोलता है तो सभी लेबनानवासी दुष्परिणाम झेलेंगे। इजराइल और हिज्बुल्ला के बीच 2006 में महीना भर लड़ाई चली थी।

साफिद में 'जीव मेडिकल सेंटर' ने बताया कि लेबनान की ओर से मंगलवार सुबह दागी गयी एंटी टैंक मिसाइल उत्तरी इजराइल के मेटुला में गिरी जिसमें तीन लोग घायल हो गये।

कई घंटे बाद हिज्बुल्ला ने बयान जारी इस मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली। वैसे यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि इस मिसाइल हमले में घायल हुए लोग आम नागरिक हैं या सैनिक, लेकिन इजराइल ने लेबनान सीमा से सटे क्षेत्रों में रह रहे लोगों को इलाके को खाली करने का आदेश दिया है।

लेबनान की सरकारी समाचार समिति 'नेशनल न्यूज एजेंसी' ने खबर दी है कि इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में सीमावर्ती क्षेत्रों में कई गोले दागे और 'व्हाइट फॉस्फोरस' छोड़ा।

इजराइल की सेना ने कहा कि सीमा पार से एंटी टैंक मिसाइल दागे जाने के बाद उसके टैंकों ने जवाबी कार्रवाई की। वहीं इजराइल की सेना के अनुसार लेबनान से उत्तरी इजराइल के येफताह किब्बुत्ज में दो और एंटीटैंक मिसाइलें दागी गयीं लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। उसने कहा कि जवाबी कार्रवाई के तहत हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर गोले दागे गए। हिज्बुल्ला ने मारे गये चार लड़ाकों की मोहम्मद बेयज, हुसैन फसाई, हुसैन अल-ताविल और महादी अतवी के रूप में की लेकिन उसने उसकी मौत के बारे में ब्योरा नहीं दिया।

मंगलवार को उससे पहले इजराली सेना ने कहा था कि उसने उन चार आतंकवादियों को मार गिराया जिन्होंने इजराइल और लेबनान के बीच की दीवार में विस्फोटक लगाने की कोशिश की थी।

### अस्पताल पर इजराइल के हवाई हमले में कम से कम 500 की मौत

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा सिटी के एक अस्पताल पर इजराइल के एक हवाई हमले में कम से कम 500 लोगों की मौत हो गयी है। हमले के वक्त अल-अहली अस्पताल में सैकड़ों लोगों ने शरण ली हुई थी। 'द एसोसिएटेड प्रेस' को भेजी गयी तस्वीरों में अस्पताल के हॉल में आग लगी हुई, टूटे हुए कांच और क्षत-विक्षत शव देखे गए । अभी इजराइली सेना ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।



### मध्य गाजा में हमास का शीर्ष कमांडर मारा गया

**खान यूनिस/एपी।** हमास की सैन्य शाखा 'कसाम ब्रिगेड' ने कहा कि मध्य गाजा पट्टी में एक इजराइली हवाई हमले में उसका एक शीर्ष कमांडर मारा गया है। अयमन नोफेल अभी तक गाजा पट्टी पर इजराइली बमबारी में मारा गया हमास का सबसे कुख्यात चरमपंथी है। अबू मोहम्मद के नाम से पहचाना जाने वाला नोफेल मंगलवार को इजराइली हमलों में मारा गया, जिसमें मध्य गाजा पट्टी में बुरेजी शिविर को निशाना बनाया गया।

### रूस पूर्वी यूक्रेन में भेज रहा है और सैन्यबल : विश्लेषक

**कीव/एपी।** पूर्वी यूक्रेन के एक प्रमुख शहर पर कब्जा जमाने के प्रयासों को संभवत: झटका लगने के बाद रूस सैन्य कार्रवाई को तेज करने के लिए अपनी और सैन्य टुकड़ियों को भेज रहा है। पश्चिमी विश्लेषकों ने यह बात कही है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूस की योजना कड़े सुरक्षा प्रबंधों वाले ऍव्दिइव्का शहर पर ऐसा धावा बोलने की है जो इस वर्ष के शुरू से यूक्रेन में किए गए विभिन्न अभियानों में सबसे घातक हो। रूस की महत्कांक्षा डेनेटस्क इलाके को को अपने नियंत्रण में लेने की है और इसे साकार करने में ऍव्दिइव्का शहर अभी तक बाधा बना हुआ है। ऍव्दिइव्का पर कब्जे की रूस की कोशिश यूक्रेन की ओर से पिछले कई महीनों से की जा रही जवाबी कार्रवाई के बाद शुरू हुई। रूस द्वारा पूर्ण युद्ध छेड़ने के 16 महीने बाद यूक्रेन की ओर से प्रतिरोध की यह प्रभावी कार्रवाई शुरू की गयी।

# 'कर्नाटक की नई राज्य शिक्षा नीति धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने पर आधारित होगी, अन्य राज्य भी अनुकरण करेंगे'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. एम.सी. सुधाकर ने सोमवार को कहा कि कर्नाटक की नई राज्य शिक्षा नीति धर्मनिरपेक्ष ताने–बाने पर आधारित होगी और अन्य राज्य भी इसका अनुकरण करेंगे। यहां इंडिया डिडक्टिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'एशियन समिट ऑन एजुकेशन एंड स्किल्स (एएसईएस)' में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा पर नई नीति बनाने का काम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के पूर्व अध्यक्ष प्रो. सुखदेव थोराट को सौंपा गया है। समिति में पांच सदस्य शामिल हैं और आठ सदस्यीय सलाहकार बोर्ड भी है। बोर्ड शिक्षाविदों और विश्वविद्यालयों से भी परामर्श कर सकता है। सरकार ने 28 फरवरी, 2024 तक नई शिक्षा नीति प्रस्तुत करने हो कहा है। यह नीति, जो सभी धर्मों, जातियों और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की भावनाओं को शामिल करने पर जोर देगी, मुख्य रूप से नौकरियों के सृजन पर ध्यान केंद्रित करेगी। सुधाकर का बयान महत्वपूर्ण है, क्योंकि कांग्रेस सरकार अगले शैक्षणिक वर्ष से कर्नाटक में मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को खत्म करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि योजना और विशेषज्ञ की राय के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को छात्रों के लिए पेश किया जाएगा।



सुधाकर ने दावा किया कि 2014 में केंद्र सरकार ने नए नियम के साथ शिक्षा का अधिकार अधिनियम को कमजोर कर दिया, जिसमें कहा गया कि आरटीई के माध्यम से गरीब छात्रों का निजी स्कूलों में दाखिला तभी होगा, जब किसी विशेष वार्ड या शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्र में कोई सरकारी स्कूल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने वाले पब्लिक स्कूलों की संख्या बढ़ा रही है।

शिखर सम्मेलन का आयोजन आईडीए द्वारा एजुकेशन वर्ल्ड फोरम, लंदन के सहयोग से किया गया था। एसोसिएशन के सीईओ आदित्य गुप्ता ने कहा कि शिखर सम्मेलन में आर्मेनिया, बांग्लादेश, भूटान, कंबोडिया, ब्रुनेई, फिनलैंड, लाओस, मलेशिया, मालदीव, मॉरीशस, नाउरू, ओमान, पापा न्यू गिनी, सिएरा लियोन, तुर्किये और विभिन्न देशों के मंत्री और अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मेघालय, मध्य प्रदेश और तेलंगाना राज्यों के नौकरशाह मौजूद थे। उद्घाटन सत्र में सुधाकर और चिकित्सा शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री डॉ. एस.आर. पाटिल के साथ पैनल चर्चा हुई। गुप्ता ने कहा, बांग्लादेश के शिक्षा मंत्री डॉ. दीपू मोनी और तुर्किये के नवाचार और शैक्षिक प्रौद्योगिकी महानिदेशक डॉ. मुस्तफा कैनली भी पैनलिस्ट थे और चर्चा का संचालन फोरम निदेशक, एएसईएस और एजुकेशन वर्ल्ड फोरम डोमिनिक सैवेज ने किया।

सत्र में बांग्लादेश, तुर्किये और कर्नाटक में नवीन परियोजनाओं की शुरुआत के साथ–साथ सफलता प्रदर्शित करने वाले ठोस और प्रभावी समाधानों पर चर्चा की गई। पैनलिस्टों ने सर्वसम्मति से प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया, शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ाने, नीति कार्यान्वयन में तेजी लाने और अधिक रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने के लिए पाठ्यक्रम विकास को आगे बढ़ाने पर ठोस ध्यान देने की जरूरत को रेखांकित किया।



# जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ने 8,363 करोड़ रु. की चार प्रमुख परियोजनाओं का अनावरण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** देश के प्रमुख बंदरगाह जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ने मंगलवार को भारतीय वैश्विक समुद्री सम्मेलन के तीसरे संस्करण में 8,363 करोड़ रुपये की चार प्रमुख परियोजनाओं का अनावरण किया। इस सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित किया।



इन चार परियोजनाओं में – जेएनपीए के दूसरे चरण में चौथे कंटेनर टर्मिनल का निर्माण; जवाहरलाल नेहरू पोर्ट कंटेनर टर्मिनल (जेएनपीसीटी) का उन्नयन, संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण; नवनिर्मित अतिरिक्त तरल बर्थ टर्मिनल और बंदरगाह आधारित बहु–उत्पाद विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) शामिल हैं। जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (जेएनपीए) ने कहा कि इन परियोजनाओं के साथ बंदरगाह की कंटेनर क्षमता 77 लाख टीईयू (बीस फुट समतुल्य इकाइयां) से 35 प्रतिशत बढ़कर 1.04 करोड़ टीईयू हो जाएगी, जबकि तरल कार्गो हैंडलिंग क्षमता 62.5 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

इन चार परियोजनाओं में भारत मुंबई कंटेनर टर्मिनल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पीपीपी (सार्वजनिक–निजी भागीदारी) के आधार पर चौथे कंटेनर टर्मिनल–चरण–2 के निर्माण की आधारशिला रखी गई। जेएनपीए ने कहा कि यह परियोजना जेएनपीए और भारत मुंबई कंटेनर टर्मिनल्स के बीच एक साझेदारी है, जो क्षेत्र में उन्नत बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक समाधान लाने का वादा करती है।

# दपरे और जेएसडब्ल्यू मिनरल्स रेल लॉजिस्टिक्स प्रा.लि. के बीच 7 रेक के संचालन के लिए समझौता

हुब्बल्ली/दक्षिण भारत। दक्षिण पश्चिम रेलवे और जेएसडब्ल्यू मिनरल्स रेल लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच मंगलवार को 7 रेक के संचालन के लिए समझौता किया गया है। यह दपरे में पहली तरह का समझौता है। रेक का निर्माण मैसर्स टीटागढ़ रेल सिस्टम लिमिटेड, कोलकाता द्वारा किया गया है और पहली रेक अप्रैल 2024 से चालू होने की उम्मीद है। जेएसडब्ल्यू मिनरल्स रेल लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लि. प्रति रेक 29.57 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। दी गई जानकारी के अनुसार, दपरे और जेएसडब्ल्यू मिनरल्स रेल लॉजिस्टिक्स प्रा.लि. ने लौह अयस्क को लोड और अनलोड करने के लिए सात विशेष हॉपर वैगनों के संचालन के लिए सामान्य प्रयोजन वैगन निवेश योजना के तहत यह समझौता किया है।



भारतीय रेलवे की यह योजना माल ढुलाई ग्राहक को वैगनों को पट्टे पर देने में निवेश करने में सक्षम बनाती है, और माल ढुलाई पर छूट देती है, जिससे रेल द्वारा थोक माल के परिवहन को प्रोत्साहन मिलता है। वैगनों की तैयार उपलबधता, कम माल ढुलाई लागत से ग्राहक को लाभ होता है। लंबी अवधि में, सड़क से रेल तक मॉडल बदलाव को सक्षम करके, जीपीडब्ल्यूआईएस जैसी नीतियों में देश में 'कोर सेक्टर' उद्योगों के लिए आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने और परिवहन लागत में कमी लाने की क्षमता है। हर बुकिंग पर ग्राहक को बेस फ्रेट पर 10 प्रतिशत की छूट है। बीओबीएसएनएस (हॉपर वैगन) की शुरुआत से वैगन टिपलर या मैन्युअल रूप से अनलोडिंग की कठिनाई कम हो जाएगी। समझौते पर मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक/फ्रेट मार्केटिंग, दपरे ए सुंदर और कार्यकारी उपाध्यक्ष (योजना और लॉजिस्टिक्स)/जेएसडब्ल्यू सुशील नोवाल ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक/दपरे सत्य प्रकाश शास्त्री, उप मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक/माल ढुलाई सेवा/दपरे अरविंदा हर्ले और महाप्रबंधक, लॉजिस्टिक्स/जेएसडब्ल्यू मनमोहन शेट्टी मौजूद थे। दपरे के महाप्रबंधक संजीव किशोर ने कहा है कि दक्षिण पश्चिम रेलवे अपने ग्राहकों को पूर्ण सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है और उम्मीद जताई कि यह समझौता अधिक दक्षता के साथ उच्च मात्रा में लौह अयस्क परिवहन को सक्षम करेगा।

# डीपीआर तैयार करने में आती हैं मुश्किलें, कंपनियां नई प्रौद्योगिकी अपनाने को तैयार नहीं : गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि संबंधित कंपनियां नई प्रौद्योगिकी अपनाने को तैयार नहीं हैं। गडकरी ने कहा कि सरकार नई प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल को प्रोत्साहित कर रही है।




'क्रिसिल इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव 2023' को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि इस्पात और सीमेंट उद्योग की बड़ी कंपनियां कीमतें बढ़ाने के लिए गुटबंदी कर रही हैं। उन्होंने कहा, '' ..इस्पात उद्योग और सीमेंट उद्योग...जब भी उन्हें मौका मिलता है वे गुट बनाते हैं और कीमतें बढ़ा देते हैं।''

अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने के लिए पहचाने जाने वाले नितिन गडकरी ने कहा, '' एनएचएआई के लिए डीपीआर तैयार करना एक बड़ी समस्या है... किसी भी परियोजना में कहीं भी कोई सटीक डीपीआर नहीं है।'' उन्होंने कहा, '' डीपीआर बनाते समय वे (डीपीआर बनाने वाली कंपनियां) नई प्रौद्योगिकी, नवाचार, नए शोध को अपनाने को तैयार नहीं हैं और यहां तक कि डीपीआर का मानक इतना कम है कि हर जगह सुधार की गुंजाइश है।''

मंत्री ने कहा कि एक समय 50 बड़े ठेकेदार थे जिन्हें सड़क निर्माण का ठेका मिलता था। उन्होंने कहा, '' मुझे यह सही नहीं लगा। (इसलिए) मैंने प्रौद्योगिकी और वित्तीय मानदंडों को उदार बनाया, जिसके द्वारा आज हमारे पास 600 बड़े (सड़क) ठेकेदार हैं।''

गडकरी ने कहा कि समस्या यह है कि उनमें से कुछ राजमार्ग निर्माण परियोजनाओं की कीमतें 30–40 प्रतिशत से कम बताते हैं। उन्होंने कहा, '' हमें गुणवत्ता और लागत के बीच संतुलन बनाए रखने की जरूरत है। यह एक बड़ी चुनौती भी है।'' भारत में उच्च लॉजिस्टिक्स लागत पर उन्होंने बताया कि भारत में लॉजिस्टिक्स लागत 14–16 प्रतिशत है, जबकि चीन में यह 8–10 प्रतिशत है।

नितिन गडकरी ने कहा, '' हमारा लक्ष्य 2024 के अंत तक भारत की लॉजिस्टिक्स लागत को एक अंक में लाना है।''

मंत्री ने साथ ही बताया कि सरकार देश में एथनॉल पंप शुरू करने की योजना बना रही है।



# जम्मू : रणबीरेश्वर मंदिर का एक हिस्सा ध्वस्त, कोई हताहत नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/भाषा।** जम्मू स्थित प्राचीन रणबीरेश्वर मंदिर का एक हिस्सा बारी बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सोमवार की सुबह ध्वस्त हो गया। मंदिर के प्रबंधन की जिम्मेदारी निभा रहे धर्मार्थ ट्रस्ट ने यह जानकारी दी। ट्रस्ट ने बताया कि घटना में किसी की जान नहीं गई है और न ही कोई घायल हुआ है।

धर्मार्थ ट्रस्ट के सचिव अशोक कुमार शर्मा ने बताया, '' यह जम्मू का प्राचीन मंदिर है। यह 200 वर्ष पुराना है। बारिश के बीच आज सुबह करीब साढ़े नौ बजे आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया।'' उन्होंने बताया कि आपदा राहत कर्मी मौके पर मौजूद हैं। घटना के बाद जम्मू जेएमसी ने शहर के सभी धार्मिक स्थलों के ढांचों की मजबूती की समीक्षा कराने की योजना बनाई है। धार्मिक ढांचों की मजबूती की समीक्षा कराने का निर्णय महापौर रजिंदर शर्मा ने किया। महापौर ने बताया, '' इमारतों की मजबूती का मुद्दा हमेशा रहता है। हम जम्मू शहर में आने वाले प्रत्येक धार्मिक ढांचे की मजबूती का ऑडिट कराएंगे। '' उन्होंने कहा कि जेएमसी आयुक्त को सभी मंदिरों, मस्जिदों,गुरुद्वारा, गिरिजाघरों और अन्य धार्मिक ढांचों की मजबूती की समीक्षा कराने का निर्देश दिया गया है। रणबीरेश्वेर मंदिर नए सचिवालय के नजदीक शालीमार रोड पर स्थित है और इसका निर्माण महाराजा रणबीर सिंह ने 1883 में कराया था।

## आबकारी नीति 'घोटाला'

# न्यायालय ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाले' से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन के मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला मंगलवार को सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने सिसोदिया की दो अलग–अलग जमानत याचिकाओं पर उनके वकील अभिषेक सिंघवी तथा सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सीबीआई ने आबकारी नीति 'घोटाले' में कथित भूमिका को लेकर सिसोदिया को 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। वह, उस समय से हिरासत में हैं। ईडी ने सीबीआई की प्राथमिकी पर



आधारित धनशोधन मामले में नौ मार्च को तिहाड़ जेल में पूछताछ के बाद सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था। सिसोदिया ने 28 फरवरी को दिल्ली मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। उच्च न्यायालय ने 30 मई को सीबीआई मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि उपमुख्यमंत्री और आबकारी मंत्री के पद पर रहने के नाते, वह एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं तथा वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में तीन जुलाई को उन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि उनके खिलाफ आरोप बहुत गंभीर प्रकृति के हैं।



# जोमैटो का बिना हेलमेट के बाइक चलाती महिला से कोई लेना-देना नहीं: सीईओ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** जोमैटो के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि कंपनी का सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में दिख रही उस महिला से कोई लेना–देना नहीं है, जो उसके डिलिवरी भागीदार की तरह कपड़े पहनकर बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चलाती नजर आ रही है। वीडिया इंदौर का बताया जा रहा है।

गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '' हमारा इससे कोई लेना–देना नहीं है। हम बिना हेलमेट बाइक चलाने का समर्थन नहीं करते। इसके अलावा हमारे पास कोई 'इंदौर मार्केटिंग हेड' नहीं है।'' वह 'एक्स' पर उस पोस्ट का जवाब दे रहे थे, जिसमें महिला का वीडियो साझा करते हुए जोमैटो को टैग किया गया था।

इस वीडियो में जोमैटो के डिलिवरी भागीदार की तरह तैयार होकर एक महिला कंपनी का डिलिवरी बैग लिए बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चलाती नजर आ रही है।

# एसयूवी खंड में जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा, वाहनों को लगातार उन्नत करेंगे : टाटा मोटर्स

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने मंगलवार को कहा कि वह स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की मांग में तेजी बरकरार रहने के बीच अपने एसयूवी मॉडलों को लगातार उन्न्त करने की योजना पर चल रही है। देश में एसयूवी की बिक्री में बढ़ोतरी लगातार जारी है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कुल यात्री वाहनों की बिक्री में एसयूवी की हिस्सेदारी बढ़कर 60 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है।

टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने पीटीआई–भाषा के साथ बातचीत में कहा कि एसयूवी के कुछ उप–खंडों में कंपनी को अग्रणी स्थान हासिल है और वह बाकी उप–खंडों में भी अपनी स्थिति मजबूती करने की कोशिश में लगी हुई है। चंद्रा ने कहा, ''एसयूवी खंड में हिस्सेदारी के लिए जबर्दस्त 'जंग' होने जा रही है। पहले तीन–चार स्थानों पर मौजूद कंपनियों के बीच कुछ हजार इकाइयों का ही फासला रहेगा। इनमें से एक समय कोई एक कंपनी शीर्ष पर होगी तो कुछ समय बाद कोई दूसरी कंपनी वहां पहुंच जाएगी।'' उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में किसी खास मॉडल पर ध्यान केंद्रित करना अधिक महत्वपूर्ण होता है। इसके अलावा यह भी देखना होता है कि वह मॉडल संभावित ग्राहकों के दो शीर्ष विकल्पों में शामिल हो। चंद्रा ने कहा कि टाटा मोटर्स के नेक्सॉन एवं पंच मॉडल अपने उप–खंड में



अगुवा हैं जबकि हैरियर एवं सफारी मॉडल अपने खंड में दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। इसके अलावा कंपनी दो नए एसयूवी मॉडल– कर्व एवं सिएरा भी अगले दो साल में उतारने जा रही है। उन्होंने कहा कि टाटा मोटर्स अपने एसयूवी पोर्टफोलियो को लगातार मजबूत करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा, ''हम अपने सभी चारों एसयूवी मॉडलों के संदर्भ में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके साथ ही हम अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाने में भी लगे हुए हैं। इस तरह एसयूवी खंड में हमारी ताकत आगे भी बहुत मजबूत रहने वाली है।'' साथ ही चंद्रा ने कहा कि हैरियर एवं सफारी मॉडल के उन्नत संस्करणों को वैश्विक वाहन सुरक्षा मानक 'ग्लोबल एनसीएपी' से शीर्ष सुरक्षा रेटिंग हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि ये दोनों मॉडल भारत में सर्वाधिक सुरक्षा अंक पाने वाले एसयूवी वाहन हैं। ग्लोबल एनसीएपी ने एक अलग बयान में कहा कि टाटा सफारी एवं टाटा हैरियर एसयूवी के नए संस्करणों को उसने फाइव स्टार सुरक्षा रेटिंग दी है। उसने कहा कि यह भारत में निर्मित किसी भी कार को मिले सर्वाधिक सुरक्षा रेटिंग अंक हैं। वयस्क एवं बच्चों दोनों ही सवारियों के लिए ये मॉडल शीर्ष रेटिंग पाने में सफल रहे हैं।

# वेदांता चिप संयंत्र लगाने की योजना पर कायम, जापानी कंपनियों के साथ भागीदारी के लिए बातचीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वेदांता समूह ने मंगलवार को कहा कि वह गुजरात में सेमीकंडक्टर चिप संयंत्र लगाने की अपनी योजना पर कायम है और इस संबंध में उसकी जापानी प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ भागीदारी को लेकर बातचीत चल रही है। वेदांता की सेमीकंडक्टर एवं डिस्प्ले इकाई के वैश्विक प्रबंध निदेशक आकर्ष के हेब्बर ने कहा है कि यह गुजरात में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं विनिर्माण संयंत्र में निवेश करने की इच्छुक कंपनियों के लिए 80 अरब डॉलर का एक बड़ा अवसर है। हेब्बर अगले साल जनवरी में प्रस्तावित वाइब्रेंट गुजरात निवेश सम्मेलन के सिलसिले में जापान में आयोजित एक रोडशो में हिस्सा ले रहे थे।

वेदांता ने बयान में कहा, ''हेब्बर ने गुजरात के धोलेरा में सेमीकंडक्टर एवं डिस्प्ले संयंत्र लगाने की महत्वाकांक्षी योजना का जिक्र किया और जापानी कंपनियों को भारत का पहला इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र बनाने में वेदांता के साथ मिलकर काम करने के लिए आमंत्रित किया।'' इस दौरान हेब्बर ने कहा कि इस विनिर्माण केंद्र में सैकड़ों छोटी एवं मझोली कंपनियों को आकर्षित करने की क्षमता है और यहां एक लाख से अधिक रोजगार अवसर पैदा हो सकते हैं। हेब्बर ने कहा, ''इस इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र में आकर निवेश करने का यह कंपनियों के लिए 80 अरब डॉलर का मौका है। वेदांता भारत में निवेश की इच्छुक जापानी कंपनियों के लिए सूत्रधार का काम करेगी।'' वेदांता ने गुजरात में 19.5 अरब डॉलर के भारी भरकम निवेश प्रस्ताव की योजना पिछले साल घोषित की थी। इसके लिए उसने ताइवानी सेमीकंडक्टर विनिर्माता फॉक्सकॉन के साथ साझेदारी में एक संयुक्त उद्यम भी स्थापित किया था। लेकिन फॉक्सकॉन ने इस साल खुद को इस उद्यम से अलग करने की घोषणा कर दी।

# स्कोडा अगले साल से वियतनाम को वाहनों का निर्यात करेगी

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रमुख वाहन विनिर्माता स्कोडा फॉक्सवैगन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण–पूर्व एशिया में निर्यात बढ़ाने की रणनीति के तहत वह अगले साल यानी 2024 से वियतनाम को वाहनों का निर्यात शुरू करेगी। कंपनी ने बयान में कहा कि भारत में बने वाहन निर्माण किट अगले साल से वियतनाम को निर्यात किए जाएंगे और वहां पर वाहनों का अंतिम उत्पादन किया जाएगा। फॉक्सवैगन ने पुणे के चाकण स्थित अपने मुख्यालय में कलपुर्जा अभियान केंद्र (पीईसी) की शुरुआत की है। यह केंद्र 16,800 वर्ग फुट में फैला हुआ है और इसकी शुरुआती क्षमता 27,000 कार किट के विनिर्माण की है। इसे बाद में बढ़ाकर 40,000 कार किट तक पहुंचाया जा सकता है।

स्कोडा ऑटो के बोर्ड सदस्य (उत्पादन एवं लॉजिस्टिक) आंद्रियास दिक ने कहा, ''पीईसी की शुरुआत करने के साथ हम भारत और वियतनाम के बीच एक पुल बना रहे हैं और इन दो प्रमुख बाजारों के बीच तालमेल बिठाने वाला मंच स्थापित कर रहे हैं।''

दिक ने कहा कि वियतनाम के बाद दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के अन्य उभरते बाजारों को भी पीईसी से निर्यात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वियतनाम में कंपनी की समर्पित उत्पादन इकाई का निर्माण कार्य जारी है और इसके वर्ष 2024 के पहले हिस्से में शुरू हो जाने की उम्मीद है। स्कोडा की तरफ से वियतनाम को कुशाक और स्लाविया मॉडलों को निर्यात किया जाएगा।

## शिवकुमार ने भाजपा के आरोपों का किया खंडन



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने भारतीय जनता पार्टी की ओर से कांग्रेस पार्टी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों का खंडन करते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि आयकर विभाग को मिले अवैध धन का संबंध भाजपा से है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा,भाजपा भ्रष्टाचार की नींव है। यही कारण है कि लोगों ने भाजपा को सत्ता से बेदखल कर दिया है। जो पैसा मिला है, वह भाजपा का है और इसका राज्य की कांग्रेस सरकार से कोई लेना-देना नहीं है। शिवकुमार भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या आयकर विभाग को मिला बेहिसाब धन कांग्रेस का है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले आयकर विभाग ने तलाशी अभियान चलाकर 94 करोड़ रुपया नकद और आठ करोड़ रुपये मूल्य का सोना और हीरे का आभूषण जब्त किया था। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के एक बयान के अनुसार, छापेमारी के दौरान लगभग 30 लक्जरी विदेशी घड़ियां भी बरामद की गईं।

## भाजपा की कर्नाटक इकाई ने आयकर छापे के दौरान बरामद नकदी की सीबीआई जांच की मांग की



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई ने राज्य में और कुछ अन्य प्रदेशों में हाल के आयकर छापों में भारी मात्रा में नकद बरामदगी की सीबीआई जांच की मांग करते हुए मंगलवार को प्रदर्शन किया। भाजपा ने इन आयकर छापों की पृष्ठभूमि में कथित भ्रष्टाचार से मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार का संबंध होने का आरोप लगाते हुए सोमवार को भी कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया था। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने सोमवार को कहा था कि आयकर विभाग ने कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और दिल्ली में सरकारी ठेकेदारों तथा रियल एस्टेट डेवलपर्स' के परिसरों पर छापों के बाद 94 करोड़ रुपये नकद तथा आठ करोड़ रुपये मूल्य के सोने और हीरे के गहने एवं 30 महंगी घड़ियां जब्त की हैं। विभाग के सूत्रों ने बताया कि कर्नाटक में आयकर जांच दल ने एक ठेकेदार और उसके बेटे के पास से करीब 42 करोड़ रुपये नकद जब्त किये। पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता डी वी सदानंद गौड़ा ने यहां फ्रीडम पार्क में प्रदर्शन में पार्टी नेताओं की अगुवाई करते हुए कहा, हम देख रहे हैं कि कांग्रेस पैसे की लूट-खसोट कर उसे अन्य चुनावी राज्यों में भेजने के एकमात्र एजेंडे पर काम रही है। भाजपा नेताओं ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार, सिद्दरामैया, शिवकुमार और पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के खिलाफ नारेबाजी की। सदानंद गौड़ा ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया, कर्नाटक में जिस तरह लूट हो रही है, वैसी लूट देश में कहीं नहीं हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने शुरू में कहा था कि वह ठेकेदारों को लंबित बिलों का भुगतान नहीं करेगी जो उनपर रिश्वत के वास्ते दबाव बनाने के लिए था।

## पूर्व मुख्यमंत्री बोम्मई की हुई छोटी सर्जरी



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की एक छोटी सर्जरी हुई है और वह डॉक्टरों की सलाह के अनुसार पूर्ण विश्राम पर हैं। बोम्मई ने एक्स पर कहा,मेरी एक छोटी सी सर्जरी हुई है और अब मैं डॉक्टर की सलाह के अनुसार आराम कर रहा हूं। मैं जल्द से जल्द पूरी तरह ठीक होकर आपके पास वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। बोम्मई ने लोगों से आग्रह किया कि वे अस्पताल में उनसे मिलने न आएं क्योंकि इससे अस्पताल में अन्य मरीजों को परेशानी होगी। उन्होंने कहा,चूंकि मैं इस समय अस्पताल में हूं, अगर आप सभी मुझे देखने अस्पताल आते हैं, तो इससे अस्पताल के अन्य मरीजों को परेशानी होगी। इसलिए, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप अस्पताल न आएं। उन्होंने कहा,आपकी शुभकामनाओं ने मुझे मानसिक रूप से मजबूत बनाया है और मैं जल्द ही सार्वजनिक सेवा में लौटूंगा। मेरे लिए शुभकामनाएं देने वाले सभी लोगों को दिल से धन्यवाद। जवाब में, कर्नाटक के पूर्व शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने कहा,आप जल्द ठीक हो जायें। भगवान आपको आशीर्वाद दे।


## कर्नाटक निवेश मंच के बोर्ड का पुनर्गठन

### सज्जन जिंदल बने सह-चेयरमैन




बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक सरकार ने जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 'निवेश कर्नाटक मंच' (आईकेएफ) के पुनर्गठित बोर्ड का निदेशक एवं सह-चेयरमैन नियुक्त किया है। कर्नाटक के विशाल एवं मध्यम उद्योग मंत्री एम बी पाटिल ने मंगलवार को बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक औद्योगिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए आईकेएफ के बोर्ड को पुनर्गठन किया गया है। नवगठित बोर्ड में सॉफ्टवेयर एवं सूचना प्रौद्योगिकी, वाहन, वैमानिकी एवं रक्षा, मशीनी उपकरण और विनिर्माण क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों को सदस्यों के तौर पर शामिल किया गया है।बोर्ड के चेयरमैन पाटिल ने कहा कि यह बोर्ड कर्नाटक में औद्योगिक पारिस्थितिकी के प्रोत्साहन और निवेश जुटाने के लिए एक नया नजरिया लाने की दिशा में काम करेगा।

## कर्नाटक जद (एस) अध्यक्ष द्वारा आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं से चर्चा



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक जद (एस) के अध्यक्ष सीएम इब्राहिम ने पार्टी के भविष्य की रणनीति और भाजपा के साथ गठबंधन के निर्णय लेने के लिए बेंगलूरु में अपने समर्थकों और पार्टी के समान विचारधारा वाले नेताओं के साथ बैठक की। बैठक सोमवार को बेंगलूरु में 'चिंतन-मंथन' शीर्षक के तहत आयोजित की गई है। बैठक के पोस्टर में पूर्व मुख्यमंत्री और देवेगौड़ा के बेटे एचडी कुमारस्वामी की तस्वीर स्पष्ट रूप से गायब थी। सूत्रों ने बताया कि इब्राहिम के नेताओं और समर्थकों ने कुमारस्वामी और उनके बेटे निखिल कुमारस्वामी को पार्टी से बर्खास्त करने का आग्रह किया था। पार्टी को अपनी ताकत दिखाने के लिए इब्राहिम कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं। मैसूरु में नरसिम्हराजा निर्वाचन क्षेत्र से पराजित उम्मीदवार शाहिद ने मांग की है कि कुमारस्वामी और उनके बेटे निखिल कुमारस्वामी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए पार्टी से बर्खास्त किया जाना चाहिए। अन्यथा, इब्राहिम को पार्टी छोड़ देनी चाहिए। शाहिद ने सवाल किया, कुमारस्वामी अब कह रहे हैं कि वह एक समुदाय नहीं चाहते। यदि ऐसा है तो इब्राहिम को जद (एस) का प्रदेश अध्यक्ष क्यों बनाया गया? इब्राहिम ने नेताओं से कहा कि देवेगौड़ा या कुमारस्वामी ने जो किया उसे दोष देने पर ध्यान केंद्रित न करें।

## इब्राहिम की बगावत पर पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी बोले, 'हम इसे ठीक कर देंगे'



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने पार्टी के कर्नाटक प्रमुख सी.एम. इब्राहिम के विरोध के बाद जद (एस) के भीतर उथल-पुथल को कम करने की कोशिश की। इब्राहिम ने क्षेत्रीय संगठन के सुप्रीमो और पूर्व प्रधान मंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठबंधन के फैसले का सार्वजनिक रूप से विरोध किया था। मंगलवार को यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कुमारस्वामी ने कहा, आपके (मीडिया) लिए यह मामला बड़ा प्रतीत होता है। इसे ठीक करने के लिए जो भी करना होगा किया जाएगा।

इब्राहिम के इस दावे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कि वह मूल जद (एस) पार्टी के प्रमुख है, कुमारस्वामी ने कहा, उसे (इब्राहिम को) मूल साइन बोर्ड लगाने दीजिए। जब उनसे उन्हें और उनके बेटे निखिल कुमारस्वामी को बर्खास्त करने के प्रस्ताव के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'इब्राहिम को जो करना है करने दो, यह उन पर छोड़ दिया गया है। कृपया इन मूर्खतापूर्ण मुद्दों पर स्पष्टीकरण न मांगें। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इस संबंध में जो भी करने की जरूरत है वह किया जाएगा।' उन्होंने कहा, 'मीडिया स्वतंत्र है।' आपको (मीडिया को) चिंता करने की ज़रूरत क्यों है? पार्टी के वरिष्ठ निर्णय लेंगे।



मंगलवार को ज्ञानज्योति सभागार में बेंगलूरु विश्वविद्यालय के 58वें दीक्षांत समारोह के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा को मानक पदवी डॉक्टरेट्स से सम्मानित करते हुए राज्यपाल थावरचन्द गहलोत।

# पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने मंगलवार को बेंगलूरु विश्वविद्यालय के 58वें दीक्षांत समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की। बेंगलूरु विश्वविद्यालय ने पूर्व प्रधान मंत्री एचडी देवेगौड़ा और वैज्ञानिक और इसरो अध्यक्ष श्री सोमनाथ को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से भी सम्मानित किया है। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा, ''यह खुशी की बात है कि विश्वविद्यालय ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री देवेगौड़ा को साहित्य और सामाजिक मामले में सम्मानित किया है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करके देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।' वैज्ञानिक और इसरो के अध्यक्ष सोमनाथ को उनकी अनुपस्थिति में मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया है। कुछ कारणों से उन्होंने इस कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इन दोनों सज्जनों का समाज में योगदान जारी रहेगा।

राज्यपाल ने कहा कि कर्नाटक राज्य शिक्षा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य है। यह कई विश्व स्तरीय अनुसंधान केंद्रों और शैक्षणिक संस्थानों का घर है, जिनमें से बेंगलूरु विश्वविद्यालय एक है। यह विश्वविद्यालय भारत की आधुनिकता, इतिहास, संस्कृति और सभ्यता से जुड़ा हुआ है। यह मानविकी, सामाजिक विज्ञान, कानून, वाणिज्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय और महत्वपूर्ण योगदान देकर अपने आदर्श वाक्य – ज्ञान विज्ञान साहित्यम को कायम रखता है। बेंगलूरु विश्वविद्यालय देश और राज्य का प्रमुख विश्वविद्यालय है। वर्ष 2023 में एनएएसी द्वारा++ ग्रेड से सम्मानित किया गया। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय की बड़ी उपलब्धि बताया। छात्रों को ''नव भारत', 'श्रेष्ठ भारत'' और ''स्वावलंबी भारत'' के निर्माण में भाग लेना चाहिए, उन्होंने उनसे एक सफल व्यवसायी बनने के सपने को आगे बढ़ाने और रोजगार के लिए दूसरों की ओर नहीं देखने, बल्कि दूसरों के नियोक्ता बनने का आह्वान किया। .

कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. एमसी सुधाकर, जरोधा इंस्टीट्यूट के सह-संस्थापक निखिल कामथ, बेंगलूरु विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. जयकर एसएम आदि उपस्थित थे।

# चाहता हूं कि लोग मुझे जल अधिकार के लिए संघर्ष करने वाले नेता के तौर पर याद करें : देवेगौड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल (एस) सुप्रीमो एच डी देवेगौड़ा को मंगलवार को बैंगलोर विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया जाना चाहते हैं जिसने अपने लोगों का जल अधिकार सुरक्षित करने के लिए अपनी पूरी क्षमता से संघर्ष किया।

राज्यसभा सदस्य देवेगौड़ा ने कहा कि वह 60 साल से सार्वजनिक जीवन में हैं। उन्होंने कहा, जितने भी समय मैं मंत्री या मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री पद पर रहा, मैंने ऊंचे विचारों के साथ काम करने की कोशिश की और एक मिनट का समय भी बर्बाद नहीं किया। देवेगौड़ा (90) ने कहा, मैं चाहता हूं कि मेरे चले जाने के कई साल बाद, जब लोग मेरे बारे में सोचें तो वे मुझे ऐसे व्यक्ति के रूप में याद करें जिसने अपने लोगों के पानी के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अपनी पूरी क्षमता से लड़ाई लड़ी।

उन्हें विश्वविद्यालय के 58वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई। पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा ने कहा विकास संबंधी महान विचारों ने मुझे हमेशा प्रेरित किया। ऐसे विचार जो लाखों आम लोगों के लिए बड़ा बदलाव ला सकते हैं। जब मैं राजनीति में आया तो मैंने खुद को एक मकसद दिया। मैं पुराने मैसूर क्षेत्र में किसानों के लाभ के लिए कावेरी नदी के पानी का इस्तेमाल सुनिश्चित करना चाहता था।

उन्होंने कहा, 'मैंने मद्रास और मैसूर के बीच पिछली दो सदियों के विवाद को समझने की कोशिश की।' देवेगौड़ा ने कहा कि उसी समय, वह कृष्णा नदी जल मामले से जुड़ गए। धीरे-धीरे जल अधिकारों और जल समझौतों को समझना और कावेरी एवं कृष्णा के पानी के लिए संघर्ष करना एक जुनून बन गया। उन्होंने कहा, इस जुनून ने मुझे एक नेता के रूप में काम करने के लिए प्रेरित किया। इसने मेरे जीवन को एक दिशा दी। मैं चाहता हूं कि यह मेरी विरासत भी बने। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने नर्मदा बांध की ऊंचाई और टिहरी बांध के निर्माण के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम किया, साथ ही यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि फरक्का जल संधि भारत और बांग्लादेश दोनों के लिए फायदेमंद हो।

## चीनी उत्पादन 42 प्रतिशत घटकर 34.51 लाख टन रहने का अनुमान

बेंगलूरु/नई दिल्ली। देश के तीसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य कर्नाटक में इस महीने शुरू हुए 2023-24 चीनी सत्र में चीनी उत्पादन 42.30 प्रतिशत घटकर 34.51 लाख टन रहने का अनुमान है। इस गिरावट का कारण गन्ने का कम उत्पादन और कम चीनी प्राप्ति है। हाल ही में समाप्त हुए वर्ष 2022-23 सत्र (अक्टूबर-सितंबर) में राज्य में चीनी उत्पादन 59.81 लाख टन रहा था। राज्य सरकार के अनुमान के मुताबिक, वर्ष 2023-24 में कर्नाटक में गन्ने का उत्पादन कम यानी 520 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि पिछले सत्र में यह 705 लाख टन का हुआ था।

दक्षिण पश्चिम रेलवे
निविदा सूचना सं. Y/E.29/ 2023-24/31
दिनांक : 06.10.2023
अधोहस्ताक्षरी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:

| कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य |
|---|---|
| (पुनः निविदा) 2 साल की अवधि के लिए टीआरडी रखरखाव और ब्रेकडाउन गतिविधियों की आउटसोर्सिंग तोळहुणसे - कुणिगल, बिरुर-कुम्सी, मैसूरु-एलियूर, मैसूरु-चामराजनगर और हासन-अरसीकेरे खंड। | रू. 9,91,43,818.46 |

बोली जमा करने की अंतिम तिथि: 27.10.2023 की 11:00 बजे तक।
विवरण के लिए लॉग ऑन करें: www.ireps.gov.in
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता मैसूरु
PUB/440/AAV/PRB/SWR/2023-24
S.W.Railways SWRRLY SWRRLY

दक्षिण पश्चिम रेलवे
निविदा सूचना: सं. CAO/CN/BNC/76/2023
दिनांक: 12.10.2023
अधोहस्ताक्षरी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:

| कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य |
|---|---|
| हुब्बल्ली - बल्लारी खंड: 1) बल्लारी छावनी और बल्लारी स्टेशनों के बीच किमी 205/700-800 पर एलसी नंबर 111 के स्थान पर 2 आरसीसी स्लैब के रूप में रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण (डिजाइन किया जाना है) + 8x18.71 मीटर पीएससी गर्डर + जियो ग्रिड के साथ सीसी ब्लॉक। 2) मुनिराबाद और होसपेटे स्टेशनों के बीच एलसी नंबर 79 के बदले में 137/600-700 किमी पर 1x60 मीटर क्लियर स्पैन बॉलस्ट्रिंग स्टील गर्डर (रेलवे स्पैन) के रूप में रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का प्रस्तावित निर्माण और पहुंच के लिए जियो ग्रिड के साथ 2x18.30 मीटर पीएससी गर्डर और सीसी ब्लॉक। (निविदा संदर्भ संख्या यूबीएल-आरओबी-एलसी-111-79)। | रू. 43,56,34,608/- |

बोली जमा करने की अंतिम तिथि: 02.11.2023 की 15:00 बजे तक।
विवरण के लिए लॉग ऑन करें: www.ireps.gov.in
उप मुख्य अभियंता/निर्माण/कार्य बेंगलुरु छावनी
PUB/453/AAV/PRB/SWR/2023-24
S.W.Railways SWRRLY SWRRLY

दक्षिण पश्चिम रेलवे
निविदा सूचना सं. 40/MYS/2023
दिनांक: 12.10.2023
अधोहस्ताक्षरी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:

| क्र | कार्यों का नाम | अनुमानित मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | सब-वे के निर्माण द्वारा दावणगेरे-अमरावती कॉलोनी स्टेशनों के बीच किमी 329/400-500 पर एलसी नंबर 203 का उन्मूलन। (पहले ही डाला जा चुका बॉक्स का लॉन्चिंग)। | रू. 7,24,33,016/- |
| 2 | अमरावती कॉलोनी-कोट्टूरू खंड: सब-वे के निर्माण द्वारा अमरावती कोलन-तेलिगी स्टेशनों के बीच किमी.126/300-400 पर एलसी नंबर 64 का उन्मूलन। | रू. 6,88,65,838/- |
| 3 | अरसीकेरे-बिरूर खंड: अमरावती कॉलोनी-बाणावर स्टेशनों के बीच किमी 179/900-180/000 पर एलसी नंबर 109 के बदले 2 X 5M X 4.65M आरसीसी बॉक्स आकार के आरयूबी का प्रस्तावित निर्माण। | रू. 13,71,92,027/- |
| 4 | अरसीकेरे-बिरूर खंड: अमरावती कॉलोनी-बाणावर स्टेशनों के बीच किमी 178/800-900 पर एलसी नंबर 108 के बदले 1 x 5M x 4.65M आरसीसी बॉक्स आकार के आरयूबी का प्रस्तावित निर्माण। | रू. 8,73,59,545/- |

बोली जमा करने की अंतिम तिथि: 03.11.2023 की 11:00 बजे तक।
विवरण के लिए लॉग ऑन करें: www.ireps.gov.in
वरिष्ठ मंडल अभियंता / समन्वय / मैसूरु
PUB/451/AAV/PRB/SWR/2023-24
S.W.Railways SWRRLY SWRRLY



## केनरा बैंक द्वारा फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 प्लॉग रन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां केनरा बैंक ने अपने प्रधान कार्यालय से 17 अक्टूबर को पांच किलोमीटर फिट इंडिया प्लॉग रन का आयोजन किया है। सुबह 7 बजे अशोक स्तंभ से शुरू हुई प्लॉग रन ने अशोक स्तंभ पर लौटने से पहले पूरे लालबाग का घेरा पूरे करते हुए लालबाग पश्चिम गेट और लालबाग पूर्वी गेट को कवर किया।

प्लॉग रन के इस पांच किलोमीटर के हिस्से में केनरा बैंक के लगभग 50 कर्मचारी सदस्यों और अधिकारियों ने भाग लिया। प्लॉग रन के दौरान प्रतिभागियों द्वारा कचरा एकत्र किया गया और बाद में उसका निपटान किया गया। यह प्लॉग रन खेल विभाग, युवा मामले और खेल मंत्रालय, सरकार द्वारा की गई पहल के अनुसार स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत थीम के साथ आयोजित किया गया था। भारत की। केनरा बैंक के अन्य कार्यालय भी इस पूरे महीने में पूरे भारत में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।



कवि गोष्ठी
मंगलवार को मैसूरु में दशहरा के मौके पर कवि गोष्ठी के उद्घाटन के अवसर पर मंत्री डॉ. एचसी महादेवप्पा, लेखक कुम वीरभद्रप्पा, जयथ कैकिनी और अन्य।

# आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने वाले विधेयकों पर अपनी राय से केंद्र को अवगत कराएगी कर्नाटक सरकार

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार 'भारतीय न्याय संहिता', 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य विधेयक' पर विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार को अपनी राय से अवगत कराएगी।

ये तीनों नये विधेयक 'भारतीय दंड संहिता (1860)', 'दंड प्रक्रिया संहिता (1898)' और 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' की जगह लेंगे।

राज्य के विधि, न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल की अध्यक्षता वाली समिति ने केंद्र सरकार द्वारा पिछले दिनों लोकसभा में प्रस्तुत तीन विधेयकों पर एक अध्ययन रिपोर्ट मंगलवार को सिद्दरामैया को दी। मुख्यमंत्री ने रिपोर्ट के अहम बिंदुओं के बारे में जानने के बाद कहा कि सरकार समिति की रिपोर्ट के आधार पर इन विधेयकों पर केंद्र को अपनी राय से अवगत कराएगी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक में उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर इस पर चर्चा करेगी।

# आईटीआई लि. की ईएमसी लैब को एनएबीएल से मान्यता प्रमाण पत्र मिला

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। आईटीआई लिमिटेड की इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कम्पैटिबिलिटी लेबोरेटरी (ईएमसी लैब) को मानक आईएसओ/आईईसी 17025:2017 के अनुसार नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल) से मान्यता प्राप्त हुई है। ईएमसी लैब का मूल्यांकन और मान्यता मानक आईएसओ/आईईसी 17025:2017 के अनुसार किया गया है। ईएमसी लैब ने ईएमआई/ईएमसी लैब के लिए एनएबीएल मान्यता का नवीनीकरण और सुरक्षा लैब के लिए नई मान्यता भी हासिल कर ली है। प्रमाणीकरण की वैधता 26.08.2025 तक दो साल के लिए है।

आईटीआई लि. ने अपने बेंगलूरु प्लांट में अत्याधुनिक इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कम्पैटिबिलिटी (ईएमसी) और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंटरफेरेंस (ईएमआई) परीक्षण सुविधाएं स्थापित की हैं, जहां कई ग्राहक इसकी परीक्षण विशेषज्ञता का लाभ उठा रहे हैं। यह लैब टेलीकॉम टेस्टिंग सेंटर का एक हिस्सा है, जिसे आईटीआई लि. ने बाजार में लॉन्च किए गए टेलीकॉम उपकरणों की ईएमसी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए टीईसी के साथ एमओयू के अनुसार इन-हाउस बनाया है। इस अवसर पर आईटीआई लि. के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजेश राय ने कहा, 'हमारी ईएमसी लैब भारत में अपनी तरह की एक पीएसयू लैब है, जो राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ-साथ घरेलू/अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार सभी वैश्विक परीक्षण जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। हमारी ईएमसी लैब की मान्यता ग्राहकों के विश्वास और संतुष्टि को और मजबूत करेगी, और आईटीआई लि. को परीक्षण क्षेत्र में एक ताकत के रूप में मजबूत करेगी।

राय ने कहा, यह अत्याधुनिक परीक्षण सुविधा उच्च गुणवत्ता वाले परीक्षण परिणाम देती है और उद्योग को उसकी ईएमआई/ईएमसी आवश्यकताओं में सहायता करके और तेजी से बाजार पहुंच में सहायता करके लाभ पहुंचाती है।

## बेस्कॉम ने उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति का आश्वासन दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी (बेस्कॉम) ने क्षेत्राधिकार के उद्योग संघों के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया है कि वह उन्हें निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करेगी। मंगलवार को जारी एक बयान में, ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव गौरव गुप्ता ने कहा कि उन्होंने बड़े, मध्यम और छोटे पैमाने के औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठक की।

बयान में कहा गया है कि 'औद्योगिक निकायों को आश्वासन दिया गया है कि औद्योगिक गतिविधियों के लिए निर्बाध बिजली प्रदान की जाएगी और इस संबंध में घबराने की कोई जरूरत नहीं है।'

औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने आशंका जताई है कि राज्य में बिजली उत्पादन की कमी के कारण औद्योगिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं

## केन्द्रीय रेशम बोर्ड के नये सदस्य सचिव



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। पी. शिवकुमार, आईएफएस ने 16 अक्टूबर को बेंगलूरु में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के केंद्रीय रेशम बोर्ड के नए सदस्य सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया है। उन्होंने रजित रंजन ओखंडियार, आईएफएस का स्थान लिया है। पी. शिवकुमार पांच वर्ष की अवधि के लिए सदस्य सचिव का पद संभालेंगे। असम-मेघालय कैडर के 2000 बैच के भारतीय वन सेवा के अधिकारी पी. शिवकुमार ने असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बाघ अभ्यारण (टाइगर रिजर्व) को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वानिकी में स्नातकोत्तर, वे तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के तहत वन कॉलेज और अनुसंधान संस्थान, मेट्टुपालयम के छात्र रहे हैं।

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष, अनुसंधान संगठन
(निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग)
इसरो टेलिमेट्रि ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क (इस्ट्रैक)
प्लांट नं. 12 एवं 13, तीसरा मेन, द्वितीय फेज, पीण्या औद्योगिक क्षेत्र, बेंगलूरु-560058
फोन : 080-28094196, 4184 फैक्स : 080-28094180

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, समुचित वर्ग के ठेकेदरों से निम्नलिखित कार्यों के लिए मद-दर निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| एनआईटी सं | इस्ट्रैक/सीएमजी/एमएआईएनटी/सी/ईटीएन-60/2023-24, दिनांक 17.10.2023 | इस्ट्रैक/सीएमजी/एमएआईएनटी/सी/ईटीएन-61/2023-24, दिनांक 17.10.2023 |
| कार्य का नाम | एससीसी परिसर, इस्ट्रैक, बेंगलूरु में परिवहन योग्य टर्मिनल रखने के लिए कंक्रीट मंच(ठोस मंच) प्रदान करना। (सिविल वर्क्स) | एनएसए अनुभाग के लिए एनएसए इंजीनियर्स रूम और एनएसए कार्यालय का नवीनीकरण और एससीसी परिसर, इस्ट्रैक, बेंगलूरु में केंद्रीय ब्लॉक के पूर्व की ओर खिड़कियों का प्रतिस्थापन। (सिविल वर्क्स) |
| निविदा की अनुमानित लागत | ₹ 24.00 लाख | ₹ 18.31 लाख |
| निविदा प्रलेख ब्यौरा | ई-निविदा | ई-निविदा |
| पूरा करने की अवधि | दो (02) माह | दो (02) माह |
| निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि | 18.10.2023 से 02.11.2023 | |
| बोली स्पष्टीकरण | 18.10.2023 से 02.11.2023 | |
| बोली स्पष्टीकरण का जवाब देने की अंतिम तारीख | 03.11.2023 के 16.30 बजे तक | |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख एवं समय | 06.11.2023 के 14.30 बजे तक | |
| निविदा खोलने की नियत तारीख एवं समय | 07.11.2023 को 11.30 बजे से | |
| बयाना जमा (ईएमडी) | ₹ 48,000/- | ₹ 36,620/- |

पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे के लिए इच्छुक निविदाकार विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (एनआईटी) देखें जिसे वेबसाइट www.isro.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। बोली प्रपत्र औप अन्य ब्यौरे वेबसाइट www.tenderwizard.com/ISRO से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
समूह प्रमुख-सीएमजी, इस्ट्रैक

विधानसभा चुनाव



# टिकट आवंटन में उम्मीदवार का चुनाव जीतने का माद्दा भी देखा जाएगा : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


जयपुर। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के कई मौजूदा विधायकों के टिकट कटने की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि टिकट देते समय उम्मीदवार के जीतने का माद्दा भी देखा जाएगा। गहलोत ने हालांकि कहा कि स्थानीय स्तर पर जनता के काम तो मौजूदा विधायकों के जरिए ही हुए हैं तो उन्हें कैसे टिकट से इनकार किया जा सकता है? राजस्थान विधानसभा की कुल दो सौ सीटों पर 25 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होगा व तीन दिसंबर को मतगणना होगी। कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की आज दिल्ली में बैठक है जबकि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक बुधवार को प्रस्तावित है।

बैठक में भाग लेने के लिए रवाना होने से पहले गहलोत ने टिकट वितरण को लेकर यहां मीडिया से कहा,जीतने का माद्दा देखा जाएगा। उसके आधार पर ही सारे फैसले हो रहे हैं। कुछ मौजूदा विधायकों की शिकायतों व उन्हें टिकट नहीं दिए जाने की अटकलों की ओर इशारा करते हुए गहलोत ने कहा, कुछ विधायकों की शिकायत हो सकती है। मैं नहीं कह सकता कि उनका सर्वेक्षण में क्या होगा? मैं मानता हूं कि सब विधायक भ्रष्ट नहीं होते।

उन्होंने कहा कि विधायकों की मांग पर ही महंगाई राहत शिविर व कॉलेज खोले गए हैं तथा सड़कें बनवाई गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकों की मांग पर ही तहसीलें और नगरपालिकाएं गठित की गई हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता से जुड़ाव विधायक का ही होता है। गहलोत ने कहा कि राज्य के कांग्रेस विधायकों के भ्रष्ट होने की अफवाहें मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने उड़ाई हैं।

इसके साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि लोकतंत्र को बचाना है तो कांग्रेस को सत्ता में लाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, मौजूदा कांग्रेस सरकार ने अच्छा काम किया है। उसकी योजनाएं अच्छी हैं। मुख्यमंत्री से लोगों को शिकायत नहीं। लोग हमारे काम व हमारी योजनाओं की प्रशंसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ऐसी योजनाएं संभवत: हिंदुस्तान में कहीं नहीं आई हैं। ये मेरा नहीं राजस्थान वासियों का गौरव है कि उनकी सरकार ने वे फैसले किए कि आज राजस्थान देश भर में चर्चा में आ गया।

गायों, गौशालाओं व मंदिर पुनर्विकास की अपनी सरकार की विभिन्न पहलों का जिक्र



अशोक गहलोत

करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा,इनसे (विपक्ष) पूछो कि जो काम हिंदुओं के लिए हमने किया है, आपने किया है क्या? आप किस मुंह से हिंदुत्व के नाम पर वोट मांगोगे? इनकी पोल खुल रही है अब ये खाली ईडी, आयकर, सीबीआई इनके साथ रह गई है।।। जनता इनके साथ नहीं रही अब। अपनी सरकार पर साल 2020 में आए राजनीतिक संकट का जिक्र करते हुए गहलोत ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के नेताओं पर आरोप लगाए।

गहलोत ने दावा किया,राजस्थान राजनीतिक तौर पर चर्चा में इसलिए आया कि अमित शाह जी और मोदी जी सरकार गिरा नहीं पाए। उन्होंने कहा कि उसके बाद देश में राजस्थान ने अलग ही दर्जा हासिल कर लिया, क्योंकि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र व कर्नाटक में सरकार गिर गई लेकिन यहां सरकार नहीं गिर पाई। कांग्रेस विधायकों के भ्रष्ट होने की अफवाहें मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा उड़ाए जाने का दावा करते हुए गहलोत ने कहा कि अगर सरकार का समर्थन करने वाले विधायक भ्रष्ट होते तो उन्हें पहले 10-10 करोड़ रुपये की पेशकश की गई थी तो वे ये पैसे ले नहीं लेते। उन्होंने आरोप लगाया कि जब राज्यपाल ने विधानसभा की बैठक बुलाने की तारीख तय कर दी तो विधायकों को दी जाने वाली पेशकश में इज़ाफा कर दिया गया। गहलोत ने आरोप लगाया, सरकार गिराने के षड्यंत्र में यहां के (केंद्रीय) मंत्री (गजेंद्र) शेखावत, धर्मेंद्र प्रधान और अमित शाह शामिल थे। क्या (उन्हें) प्रधानमंत्री जी का आशीर्वाद था या नहीं, मुझे नहीं मालूम। उन्होंने कहा,वे वोट मांगने आएंगे तो लोग याद करेंगे कि ये वही लोग हैं जो हमारी चुनी हुई सरकार को गिराकर राजस्थान वासियों की बेइज़्ज़ती कर रहे थे। इनको वे बख्शने वाले नहीं हैं।




नाबालिग छात्र की पिटाई का मामला

# आरोपी टीचर पर कार्रवाई के लिए पीड़ित के चाचा ने किया दंडवत प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दौसा। जिला मुख्यालय के एक निजी स्कूलों में नशे में धुत शिक्षक द्वारा छात्र की बेरहमी से पिटाई के विरोध व कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित छात्र के चाचा जतन सिंह गुर्जर ने गांधी तिराहे से कलेक्ट्रेट तक दंडवत लगाई।

इस दौरान पीड़ित छात्र बैनर पकड़कर करवाई नहीं होने का विरोध कर रहा था। कार्रवाई नहीं होने पर यह अनूठा प्रदर्शन शहर में चर्चा का विषय रहा। कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसपी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर को सनराइज पब्लिक स्कूल के संस्थापक महेंद्र अन्दाना ने शराब पीकर नाबालिग छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट की। कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपी खुले में घूम रहे हैं। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर संख्या 500/2023 में जे जे एक्ट की धारा जोड़ने व तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई।

गत 28 सितंबर को नाबालिग छात्र आशीष कुमार गुर्जर चप्पल पहनकर स्कूल आया था। जिससे नाराज होकर क्लास टीचर पुष्पेन्द्र व देवराज ने बच्चे के साथ मारपीट की और स्कूल से बाहर कर दिया। बच्चा जब घर पहुंचा तो मारपीट की बात घरवालों से बोली। अगले दिन 29 सितंबर को पीड़ित के पिता कंचनलाल गुर्जर बच्चे को लेकर स्कूल आए और दोनों टीचरो को बुलाया।

दोनों टीचरों द्वारा माफी मांगी और कहा कि आज के बाद किसी भी बच्चे के साथ मारपीट नही करेंगे। लेकिन 3 अक्टूबर को जब छात्र स्कूल गया तो, स्कूल संस्थापक महेंद्र अन्दाना ने पाइप से मारपीट शुरू कर दी। पीटते-पीटते ऊपर कक्षा में ले जाकर भी मारपीट की। किसी तरह छत्र स्कूल से बाहर निकला तो कुछ दूरी पर बेहोश हो गया। जब होश आया तो किसी अन्य व्यक्ति की मदद लेकर मेरे घर पहुंचा और आपबीती बताई। बालक की शर्ट खुलवाकर देखी तो शरीर चोट के निशान थे। ट

कोतवाली थाना में मुकदमा दर्ज कराया लेकिन थाना अधिकारी ने जे जे एक्ट की धारा नही लगाकर सामान्य मारपीट की धारा लगाई। आरोपी धमकी देकर राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की जा रही है।

# चार करोड़ रुपये मूल्य की अफीम व सोने-चांदी के जेवरात जब्त

जयपुर। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के मंडफिया थाना पुलिस के एक दल ने कोशिथल गांव में एक व्यक्ति के घर से भारी मात्रा में अफीम, अफीम मिश्रित पाउडर, नकदी व सोने-चांदी के जेवरात जब्त किये हैं। इस बाबत एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जब्त नशे की खेप व अन्य माल की कीमत करीब चार करोड़ रुपए आंकी गई है। चित्तौड़गढ़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजन दुष्यंत ने बताया कि दल ने आरोपी भैरूलाल जाट के मकान की तलाशी में स्टील के नौ डिब्बों में भरी 73।700 किलो अफीम व 6।400 किलो अफीम मिश्रित पाउडर, एक अन्य डिब्बे से 5।8 लाख रुपये नकद, 3।97 किलो चांदी व चांदी के जेवरात तथा करीब 53 ग्राम वज़न के सोने के जेवरात बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि सामान को जब्त कर लिया गया है और गिरफ्तार आरोपी से मादक पदार्थ के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक तस्कर मारा गया

जयपुर।राजस्थान के पाली जिले में सोमवार देर रात पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक तस्कर मारा गया। पुलिस ने कहा कि मुठभेड़ के बाद गुजरात में पंजीकरण नंबर वाली एक एसयूवी से मादक पदार्थ डोडा बरामद किया गया जिसकी तस्करी की जा रही थी। पुलिस की एक टीम राजसमंद से संदिग्ध वाहन का पीछा कर रही थी। खिंवाड़ा के थानाधिकारी घेवर राम ने कहा, तस्करों ने वाहन का पीछा कर रहे पुलिस दल पर गोलीबारी की।

# अमित शाह और नड्डा की राज्य के नेताओं के साथ बैठक

नई दिल्ली/जयपुर/दक्षिण भारत । राजस्थान में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राजस्थान भाजपा कोर कमेटी के नेताओं के साथ अहम बैठक कर रहे हैं। जेपी नड्डा के आवास पर चल रही बैठक में अमित शाह और बीएल संतोष के अलावा राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत और राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह सहित कई अन्य नेता भी मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि इस बैठक में, राजस्थान में होने वाले विधान सभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट पर विचार मंथन होना है। इससे पहले, भाजपा ने राजस्थान के लिए अपनी पहली लिस्ट 9 अक्टूबर को जारी की थी जिसमें पार्टी ने 41 उम्मीदवारों की घोषणा की थी।



# चुनाव प्रचार शुरू करने के दौरान सांसद राठौड़ को काले झंडे दिखाये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को उस समय काले झंडे दिखाए गए जब उन्होंने और उनके समर्थकों ने झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार शुरू किया। राठौड़ को काले झंडे दिखाने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। राठौड़ को कल जोबनेर में पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत के समर्थकों ने काले झंडे दिखाए और कर्नल कहना मान ले, बोरिया बिस्तर बांध ले ''और झोटवाड़ा में एक ही नाम, राजपाल, राजपाल। के नारे लगाए। राठौड़ ने प्रदर्शनकारियों को मिठाई खिलाकर शांत करने की कोशिश की लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने और उनके खिलाफ नारे लगाते रहे। पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत ने झोटवाड़ा विधानसभा सीट से विधायक थे और 2018 के विधानसभा चुनाव में हार गए थे। वह पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सरकार में कैबिनेट मंत्री थे।

राजस्थान में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा ने कुल 200 विधानसभा सीटों में से अब तक 41 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है।

पार्टी ने झोटवाड़ा विधानसभा सीट से जयपुर ग्रामीण से सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को चुनाव मैदान में उतारा है। राठौड़ ने यहां वैशाली नगर इलाके में झारखंड महादेव मंदिर से अपने अभियान की शुरुआत करते हुए लोगों को उनकी सेवा करने का आश्वासन दिया।

राठौड़ ने अपना चुनावी प्रचार अभियान शुरू करने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'मैं अपनी आखिरी सांस तक निर्वाचन क्षेत्र की सेवा करूंगा। यह एक सेना अधिकारी, एक ओलंपियन और प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी की टीम के एक सदस्य की प्रतिज्ञा है। राजस्थान मेरी मातृभूमि है और अब यह मेरी कर्मभूमि भी है।'

राठौड़ द्वारा अपना चुनाव अभियान शुरू करने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) लोकेश शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, इतनी बड़ी बड़ी बातें करने के बजाय, सांसद से विधायक प्रत्याशी बने राज्यवर्धन राठौड़ को अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखना चाहिए था। झोटवाड़ा कोई विदेश में नहीं है, इनके ही संसदीय क्षेत्र का भाग है। राठौड़ जी ने क्या किया क्षेत्र के लिए इतने साल, कहां है वो अमृत काल ? और पांच साल पहले आपकी ही पार्टी के विधायक यहां से थे।

आस्था

# नवरात्रि के अवसर पर मां भगवती की अनोखी आराधना, शूल शय्या पर लेटे महन्त रमेश महाराज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चित्तौड़गढ़। नागदा मध्य प्रदेश के महंत पांच सौ नुकीली कीलों से तैयार की गई शय्या पर नवरात्रि के अवसर पर 9 दिन और रात तक बिना अन्न- जल के लेट कर माता की अखंड अराधना करेंगे। इससे पहले भी नवरात्रि के अवसर पर महंत रमेश महाराज कुल उन्नीस बार माता की इस प्रकार की ही अनूठी अराधना देश के पांच राज्यों में कर चुके हैं। इस बार राजस्थान की भक्ति और शक्ति की नगरी चित्तौड़गढ़ में दुसरी बार जय मां भगवती सेवा समिति चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में कलयुग के भीष्म पितामह के नाम से विख्यात नागदा मध्य प्रदेश के नीलकंठ महादेव के महंत रमेश महाराज नवरात्रि स्थापना दिवस 15 अक्टूबर से नवरात्रि समापन दिवस 23 अक्टूबर तक महाराणा प्रताप सेतु मार्ग स्थित रतन वाटिका में मां भगवती की आराधना के लिए शूल शय्या पर लेट कर बिना अन्न- जल के अखंड अराधना करेंगे।

रविवार 15 अक्टूबर को गोधूलि वेला में ज्योतिषाचार्य विनोद चंद यति महाराज के सानिध्य में महंत रमेश महाराज मां भगवती की आराधना के लिए मां भगवती को अखंड ज्योत प्रज्वलित कर उसके बाद नुकीली कीलों की शय्या के ऊपर लेट गए और उनके पेट पर मिट्टी डालकर ज्वारे उगाये गए। विश्व शांति एवं जनकल्याण की भावना को लेकर महंत द्वारा यह अराधना पूर्ण साधना 9 दिन तक निरंतर जारी रहती है। उल्लेखनीय है कि महंत इससे पूर्व पांच राज्यों में 19 बार इस प्रकार की साधना कर चुके हैं। चित्तौड़गढ़ में उनका शूल शय्या पर लेट कर मां भगवती की आराधना करने का यह 20 वां अवसर है जबकि इससे पूर्व जिले के अरनिया जोशी गांव में सन 1999 में गुरुदेव इस प्रकार की साधना कर चुके हैं। जय मां भगवती सेवा समिति के जगदीश चंद्र दादू ने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले में मां भगवती की आराधना और महंत की कठिन साधना के इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। जबकि माता के उपासकों ने इस आयोजन में उत्साह दिखाते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की है। उन्होंने जिले वासियों से आह्वान किया है कि विश्व शांति एवं जनकल्याण की भावना को लेकर महंत द्वारा की जाने वाली इस कठिन साधना में भाग लेकर संत के दर्शन और मां भगवती के आशीर्वाद प्राप्त करें।

# जाट समाज विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 28 को जयपुर में करेगा अधिवेशन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान जाट महासभा राज्य में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने को लेकर 28 अक्टूबर को महासभा का विशेष अधिवेशन आयोजित करेगा। महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील ने बताया कि इसमें महासभा के राज्य भर से पदाधिकारी भाग लेंगे और इसमें विधानसभा चुनाव को लेकर जाट समाज की भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण फैसले लिए जायेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा जाट समाज की लगातार उपेक्षा की जा रही है और विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस पार्टी द्वारा जाट समाज को वर्ष 2013 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले छह टिकटे कम दी गई थी। उन्होंने कहा कि अगर जाट समाज को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया तो समाज कड़ा फैसला लेने के लिए मजबूर होगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले पांच साल में जाट समाज को हासिये पर धकेलने की पूरी कोशिश की गई हैं, चाहे ओबीसी आरक्षण में विसंगति को हटाने में देरी के संबंध में हो या उस विसंगति के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए शेडोपोस्ट की मुख्य मांग को दरकिनार के संबंध में हो, लगातार देखा जा रहा है कि समाज के खिलाफ षड़यंत्र करने वालों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मील ने कहा कि राज्य में जाट समाज की 20 प्रतिशत जनसंख्या है तथा समाज हमेशा से कांग्रेस के साथ रहा है।

# राजनीतिक दलों को मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन और सहायक मतदान केंद्रों की दी जानकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

श्रीगंगानगर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद जाखड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन एवं मूल मतदान केंद्रों के साथ सहायक मतदान केंद्र से संबंधित जानकारी देते हुए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुप्रीम कोर्ट के चुनाव से सम्बंधित विभिन्न निर्णयों से अवगत करवाते हुए फॉर्मेट सी 1 से सी 8 तक के बारे में बताया। बैठक में धार्मिक कार्यक्रम, जागरण इत्यादि में वोट मांगने वाले प्रकरणों में वीडियोग्राफी करवा करके खर्चे को पार्टी के खर्चे में जोड़ने के लिए अवगत करवाया गया। लिली थॉमस बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर भी विस्तृत चर्चा करके राजनैतिक दलों को तदानुसार आदेशों की पालना करने के लिये निर्देश दिये गये। इसके अलावा जिले के कारागृहों में बंदी मतदान के अधिकार के बारे में भी अवगत करवाया गया। नॉमिनेशन फॉर्म से संबंधित आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति के संबंध में हेमराज सोनी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रपत्र 16 और रेट लिस्ट उपलब्ध करवाते नियमानुसार आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए अवगत करवाया गया। इस अवसर पर आईएनसी से भीमराज डाबी, भाजपा से विजेंद्र अग्रवाल, माकपा से विजय कुमार रेवाड़, आम आदमी पार्टी के शंकर मेघवाल, कुलविंदर सिंह, स्वीप प्रकोष्ठ के रमन कुमार असीजा और आदर्श आचार संहिता प्रकोष्ठ के विरेंद्र सिंह नेगी सहित अन्य मौजूद रहे।

बैठक



जयपुर में मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में सामाजिक प्रवास योजना बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, पूर्व सांसद ओंकार सिंह लखावत, पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीमारी से जूझ रहे परिवार के तीन सदस्यों ने आत्महत्या की

जयपुर। जयपुर के करधनी थाना क्षेत्र में आर्थिक तंगी और बीमारी से परेशान एक परिवार के सदस्यों ने कथित रूप से जहर पीकर आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी उदयसिंह यादव ने मंगलवार को बताया कि बालाजी विहार, निवारू रोड निवासी नवीन सैन (41), उसकी पत्नी सीमा सैन (39) और बेटा मयंक (14) ने रविवार रात को जूस में जहर मिलाकर पी लिया था और सभी को बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने दंपति को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मंयक ने सोमवार दोपहर को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि बीमारी और आर्थिक तंगी के कारण परिवार ने संभवत: यह कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये।

## आठ नये सदस्यों के चुनाव से आईओसी की सदस्य संख्या 107 हुई

**मुंबई /भाषा।** आठ नये सदस्यों के चयन से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यों की संख्या 107 हो गई और इसके साथ ही इसके 141वें सत्र का भी मंगलवार को समापन हो गया । चुने गए सदस्यों में चार महिलायें हैं जिससे आईओसी में महिला प्रतिनिधित्व 41 . 1 प्रतिशत हो गया । आईओसी ने एक बयान में कहा ,'' यह नियामक ढांचे में महिला प्रतिनिधित्व बढाने के आईओसी के लक्ष्य को ध्यान में रखकर किया गया है ।'' मतदान के बाद इस्राइल के याएल अराद, हंगरी के बालाज फुरेस और पेरू के सेसिलिया रोक्साना टेट विलाकोर्ता , मलेशिया की अभिनेत्री मिशेले यिओ, जर्मनी के माइकल एम को भी चुना गया। एक महिला और एक पुरुष प्रतिनिधि को अंतरराष्ट्रीय महासंघ में उनके कार्य के आधार पर भी चुना गया । इनमें अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ के स्वीडिश अध्यक्ष पेत्रा सोरलिंग और अंतरराष्ट्रीय स्केटिंग संघ के कोरियाई प्रमुख जाए याउल किम शामिल है ।

# उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को एक रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा : योगी




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बुलंदशहर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को घोषणा की कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दिवाली उपहार के रूप में एक रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा। आदित्यनाथ ने ट्रांसपोर्ट नगर में मंगलवार को 632 करोड़ रुपए की 256 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास एवं सहायता राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया।

इन परियोजनाओं में 208 करोड़ रुपये की 104 परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है और 424 करोड़ रुपये की 152 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है।

आदित्यनाथ ने कहा,'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उज्ज्वला योजना के माध्यम से हर परिवार को एक उपहार दिया है और सिलेंडर की कीमतों में 300 रुपये की कमी की है। अब हमने भी यह निर्णय लिया है कि प्रत्येक उज्ज्वला योजना कनेक्शन लाभार्थी को दिवाली उपहार के रूप में एक रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा।

आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 में मौजूदा भाजपा सरकार के सत्ता में आने से पहले एलपीजी गैस का कनेक्शन लेना एक कठिन काम था। उन्होंने कहा कि अकेले उत्तर प्रदेश में लगभग 1.75 करोड़ परिवारों को उज्ज्वला योजना से लाभ हुआ है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना केंद्र सरकार की एक पहल है जो बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों को एलपीजी कनेक्शन के लिए वित्तीय सहायता देती है।

भाजपा की अन्य योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 55 लाख महिलाएं घर की मालिक बन गई हैं, जबकि 'स्वच्छ भारत' पहल के तहत राज्य में 2.75 लाख शौचालय बनाए गए हैं।



# देश के 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है 'इंडिया' गठबंधन : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**आइजोल/लुंगलेई (मिजोरम) /भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' देश के 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से भी अधिक है। उन्होंने दावा कि कांग्रेस पांच राज्यों मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनाव जीतेगी।

गांधी ने आरोप लगाया कि मिजोरम की दोनों प्रमुख पार्टियां मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) और विपक्षी जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) का इस्तेमाल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ईसाई बहुल राज्य में पैर जमाने के लिए कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस मिजोरम में सत्ता में आती है तो बुजुर्गों को दो हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन, 750 रुपये में गैस सिलेंडर और उद्यमियों को सहायता प्रदान करेगी। मिजोरम की 40 सदस्यीय विधानसभा के लिए सात नवंबर को मतदान होगा जबकि तीन दिसंबर को मतगणना होगी।

पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार के लिए चुनावी राज्य मिजोरम की यात्रा के दौरान राजधानी आइजोल में राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी गठबंधन अपने मूल्यों, संवैधानिक ढांचे और धर्म या संस्कृति से परे लोगों की खुद को अभिव्यक्त करने और सद्भाव से रहने की स्वतंत्रता को संरक्षित कर ''भारत की अवधारणा'' की रक्षा करेगा। उन्होंने गैर-भाजपा शासित राज्यों का जिक्र करते हुए कहा, ''यह जानना जरूरी है कि हम (इंडिया गठबंधन) देश के 60 प्रतिशत लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो कि भाजपा से कहीं अधिक है।'' भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा, ''हमारे देश के लिए उनका दृष्टिकोण हमसे अलग है। हम विकेंद्रीकरण में विश्वास करते हैं जबकि भाजपा का मानना है कि सभी निर्णय दिल्ली में लिए जाने चाहिए।'' कांग्रेस शासित तीन राज्यों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने बाद में 'एक्स' पर कहा, ''राजस्थान में बेहतरीन स्वास्थ्य देखभाल नीति है, कर्नाटक एक अतुलनीय सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है, जबकि छत्तीसगढ़ मजबूत नीतियों के साथ उद्यमियों का समर्थन करता है।''



## राघव चड्ढा को खाली नहीं करना पड़ेगा बंगला, अदालत ने दी राहत

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को अपने सरकारी बंगले में रहने की मंजूरी दे दी। इसी के साथ अदालत ने उन्हें दिल्ली के अहम हिस्से में आवंटित बंगले को खाली करने के निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया। निचली अदालत के फैसले से राघव चड्ढा से बंगला खाली कराने का रास्ता साफ हो गया था।

न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने 'आप' नेता की अपील पर आदेश पारित करते हुए कहा कि 18 अप्रैल को निचली अदालत ने राज्यसभा सचिवालय को निर्देश दिया था कि वह चड्ढा से बंगला खाली नहीं कराए और यह रुख बहाल किया जाता है एवं यह तब तक प्रभावी रहेगा जब तक निचली अदालत अंतरिम राहत के उनके आवेदन पर फैसला नहीं करती। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। चड्ढा ने निचली अदालत के पांच अक्टूबर के आदेश को चुनौती दी थी जिसने अप्रैल के अपने अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया था। अदालत ने अपने नवीनतम आदेश में कहा था कि चड्ढा यह दावा नहीं कर सकते हैं कि बतौर राज्यसभा सदस्य अपने पूरे कार्यकाल में सरकारी बंगले में रहना उनका पूर्ण अधिकार है, वह भी तब जबकि आवंटन रद्द कर दिया गया है।

## एनसीआर में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए केंद्र सरकार : गोपाल राय



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के परिवहन मंत्री गोपाल राय ने वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए मंगलवार को केंद्र सरकार से पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में केवल सीएनजी व इलेक्ट्रिक वाहनों को आवाजाही की इजाजत देने की मांग की। राय ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को लिखे पत्र में कहा कि दिल्ली सरकार ने सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं। लेकिन ये कदम तब तक प्रभावी साबित नहीं होंगे जब तक हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश एनसीआर में प्रदूषण के स्रोतों से नहीं निपटते। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के लिए काम करने वाली संस्था 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट' की एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में 31 प्रतिशत प्रदूषण राष्ट्रीय राजधानी के स्रोतों से होता है, जबकि 69 प्रतिशत एनसीआर में आने वाले राज्यों के स्रोतों से होता है।

राय ने मांग की है कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार कारकों से निपटने पर चर्चा के लिए आपात बैठक बुलाए।

# जम्मू-कश्मीर में जल्द होंगे विस चुनाव : भाजपा नेता तरुण चुघ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जम्मू/भाषा।** भाजपा के महासचिव तरुण चुघ ने मंगलवार को दावा किया कि हाल ही में संपन्न हुए लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (करगिल) चुनाव में भाजपा का मत प्रतिशत और विधानसभा सीटें दोनों बढ़े हैं और जम्मू-कश्मीर में भी जल्द ही विधानसभा चुनाव होंगे क्योंकि परिसीमन व मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि गुपकार गठबंधन को स्थानीय निकाय चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था और विधानसभा चुनाव में भी उनका यही हश्र होगा। गुपकार गठबंधन, जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन है।

चुघ ने बताया, 'चुनाव समय पर होंगे। परिसीमन हुए कई दशक बीत चुके हैं। अब विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन हुआ है और मतदाता सूची तैयार की जा चुकी है। इन्हें राजनीतिक दलों के पास अपनी आपत्ति दर्ज कराने के लिए भेजा गया है। तदानुसार, जल्द ही चुनाव होंगे।' उन्होंने कहा कि जहां तक बात शहरी स्थानीय निकाय चुनाव की है तो स्थानीय निकायों ने वार्ड और ग्राम पंचायत सूची में विसंगतियों का हवाला देते हुए 700 लिखित शिकायतें दाखिल की हैं।

जम्मू-कश्मीर में लंबे अरसे से चुनाव कराने में सरकार पर विफल रहने के आरोप को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में भाजपा नेता ने कहा, 'हमें हमारे मताधिकार से वंचित किया गया। करगिल में वार्ड व ग्राम पंचायत का फार्मूला दोषपूर्ण है और उसे निश्चित पूर्वाग्रह के साथ तैयार किया गया है। मैं सरकार से उसे ठीक करने का अनुरोध करता हूं।' करगिल चुनावों को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदाता प्रतिशत में पिछली बार की तुलना में पांच गुना तक की वृद्धि देखी गई। उन्होंने कहा, 'हमने सिर्फ 16 सीटों पर चुनाव लड़ा था और वहां लोगों से हमें भरपूर आशीर्वाद प्राप्त हुआ। भाजपा ने दो सीटें जीती जबकि पिछले चुनाव में एक ही सीट पर जीत हासिल हुई थी।'

## सरकार ने चुनावों में सेना का राजनीतिक इस्तेमाल किया: खरगे



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने चुनावों में सेना का राजनीतिक इस्तेमाल किया है और इसके जरिये भाजपा ने सेना की गरिमा को चोट पहुंचाई है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने सेना को देशभर में 822 ऐसे सेल्फी प्वाइंट लगाने को कहा है जो सरकारी योजनाओं का प्रचार करे।

खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राष्ट्र की सुरक्षा करने वाले हमारे भारतीय सेना के वीर जवानों की लोकप्रियता को भुनाकर, मोदी जी स्वयं का प्रचार करवा रहें हैं। चुनाव में सेना का राजनीतिक इस्तेमाल करके मोदी सरकार ने वो किया है जो 75 सालों में कभी नहीं हुआ है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''मोदी सरकार ने सेना को 822 ऐसे सेल्फी प्वाइंट लगाने को कहा है जो सरकारी योजनाओं का प्रचार करे। इन झांकियों में सैनिकों के पराक्रम गाथा के बजाय प्रधानमंत्री मोदी जी की बुतनुमा तस्वीर है और उनकी योजनाओं का गुणगान है।''

## भारत की विभिन्न जातियों की आबादी के प्रामाणिक आंकड़े देश के सामने आने चाहिए : अनुप्रिया पटेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**प्रतापगढ़ (उप्र)/भाषा।** अपना दल-सोनेलाल की मुखिया केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने देश में जाति जनगणना कराये जाने की मांग दोहराते हुए मंगलवार को कहा कि भारत की विभिन्न जातियों की आबादी के प्रामाणिक आंकड़े देश के सामने आने ही चाहिये।

अनुप्रिया ने अपने पिता सोनेलाल पटेल की पुण्यतिथि पर आयोजित संकल्प सभा से इतर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उनकी पार्टी जाति जनगणना के पक्ष में है और उसने इस विषय को संसद में भी उठाया है। उन्होंने कहा कि भारत की विभिन्न जातियों की आबादी के प्रामाणिक आंकड़े देश के सामने आने ही चाहिये।

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने अपने पिता को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, सोनेलाल पटेल गरीबों, शोषितों और वंचितों के मसीहा थे। अपना दल उन्हीं की नीतियों पर चल रहा है। अनुप्रिया ने कहा कि अपना दल-सोनेलाल 2014 और 2019 के लोकसभा तथा 2017 और 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा समेत चार चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक (राजग) गठबंधन के साथ रही है और पांचवें चुनाव में भी साथ रहेगी।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, आगामी लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा से अभी सीटों के बंटवारे के बारे में कोई बातचीत नहीं हुई है। समय आने पर बात होगी।

## पानी के अभाव में धान नहीं रोप सकने वाले किसानों के लिये 197 करोड़ रु. जारी किये सरकार ने

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार ने कम वर्षा के कारण धान की रोपाई नहीं करने वाले राज्य के 2.46 लाख किसानों के लिए मंगलवार को 197 करोड़ रुपये जारी किये।

ममता ने कहा कि बांग्ला शस्य बीमा के तहत यह धनराशि जारी की गयी है तथा 2019 में इस योजना के शुरू होने से अबतक राज्य सरकार 85 लाख किसानों को 2400 करोड़ रुपये दे चुकी है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, ''कम वर्षा के कारण धान की फसल नहीं लगा सके 2.46 लाख प्रभावित किसानों के लिये हम 197 करोड़ रुपये जारी कर रहे हैं।''




# आधिकारिक जर्सी नहीं पहनने पर मुकुंद के खिलाफ कार्रवाई कर सकता एआईटीए, आचार संहिता लागू की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) मोरक्को के खिलाफ डेविस कप मुकाबले के दौरान आधिकारिक जर्सी नहीं पहनने के लिए शशि मुकुंद के खिलाफ कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है और भविष्य में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए उसने खिलाड़ियों के लिए आचार संहिता लागू की है।

मुकुंद ने 16 सितंबर को यासीन दलिमी के खिलाफ विश्व ग्रुप दो के प्लेऑफ मुकाबले के शुरुआती एकल मैच में कप्तान रोहित राजपाल से 'अनुमति' लेकर आधिकारिक भारतीय टीम प्रायोजक ओओके के बजाय अपने निजी प्रायोजक द्वारा उपलब्ध कराई गई जर्सी पहनी थी। यही नहीं मुकुंद ने जो जर्सी पहनी थी उसमें 'इंडिया' की स्पेलिंग सही नहीं थी। टीम के प्रायोजक ने एआईटीए को यह बात बताई। मुकुंद ने जो जर्सी पहनी थी उसके पीछे टीम के नाम में एक अतिरिक्त 'आई' था। यह उल्लेखनीय है की आधिकारिक प्रायोजक ने केवल किट मुहैया कराई थी तथा एआईटीए या इस मुकाबले का हिस्सा रहे खिलाड़ियों को किसी तरह की प्रायोजन राशि नहीं दी थी। भारत ने लखनऊ में खेला गया यह मुकाबला 4-1 से जीता था। एआईटीए ने 28 सितंबर को मुकुंद को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और सात दिन के अंदर जवाब देने के लिए कहा था। मुकुंद ने 3 अक्टूबर को भेजे अपने जवाब में कहा था कि ओओके से प्राप्त शॉर्ट्स आरामदायक नहीं थे। मुकुंद ने इसके साथ ही लिखा था कि उन्होंने अपने प्रायोजक द्वारा मुहैया कराई गई जर्सी पहनने के लिए राजपाल और कोच जीशान अली से अनुमति ली थी। मुकुंद ने कहा कि उन्हें अपने प्रायोजक से आठ टी-शर्ट मिली थी और दुर्भाग्य से उन्होंने वह जर्सी पहनी जिसमें प्रिंटिंग की गलती थी। मुकुंद ने इस गलती के लिए माफी मांगते हुए कहा,''मैं अपने देश का बहुत सम्मान करता हूं और कभी जानबूझकर ऐसा काम नहीं करूंगा जिससे उसकी छवि को नुकसान पहुंचे।''

## भारत ने एशियाई खेलों में बेहतरीन हॉकी खेली : सोमाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता एम एम सोमाया का मानना है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने हाल ही में हुए हांगझोउ एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करके पीला तमगा जीता । हांगझोउ में भारतीय दल के उप दल प्रमुख सोमाया ने कहा कि हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम ने बेदाग प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया ।

मॉस्को में 1980 ओलंपिक चैम्पियन रही टीम के सदस्य सोमाया ने कहा ,'' भारत ने सभी मैचों में शानदार प्रदर्शन किया । जापान और कोरिया के खिलाफ एकाग्रता टूटी लेकिन कुल मिलाकर यह बेहतरीन प्रदर्शन था ।'' उन्होंने कहा ,'' अब ओलंपिक क्वालीफिकेशन का दबाव नहीं है तो टीम पेरिस में बेहतर प्रदर्शन पर फोकस कर सकती है । अब उसे ओलंपिक को ध्यान में रखकर अभ्यास शिविरों और दौरों पर फोकस करना होगा ।''

उन्होंने कहा,'' महिला टीम ने भी अच्छा खेला लेकिन चीन के खिलाफ पहले हाफ में चूक गई । दूसरे हाफ तक बहुत देर हो चुकी थी ।'' उन्होंने भारतीय हॉकी के समर्थन के लिये ओडिशा सरकार की भी तारीफ की ।

## नागरिकों की स्वतंत्रता, इच्छा और अधिकारों की रक्षा के लिए उनके साथ खड़े हैं : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर मंगलवार को कहा कि वह नागरिकों की स्वतंत्रता, इच्छा, स्वाधीनता और अधिकारों की रक्षा के लिए उनके साथ खड़ी है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि शीर्ष अदालत के इस बंटे हुए फैसले का अध्ययन करने के बाद कांग्रेस इस विषय पर विस्तृत प्रतिक्रिया देगी।

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिए जाने का अनुरोध करने संबंधी 21 याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने सुनवाई की। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायालय कानून नहीं बना सकता, बल्कि उनकी केवल व्याख्या कर सकता है और विशेष विवाह अधिनियम में बदलाव करना संसद का काम है।

रमेश ने एक बयान में कहा,''समलैंगिक विवाह और इससे संबंधित मुद्दों पर हम आज उच्चतम न्यायालय के अलग-अलग और बंटे हुए फ़ैसलों का अध्ययन कर रहे हैं। इस पर बाद में हम विस्तृत प्रतिक्रिया देंगे।''

## झारखंड : बांध में छह छात्रों की डूबने से मौत, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**हजारीबाग/भाषा।** झारखंड के हजारीबाग जिले में स्कूल से भागकर लोटवा बांध पर पिकनिक मनाने गए 12वीं कक्षा के छह छात्र मंगलवार को डूब गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, छात्रों की उम्र 17 से 18 साल के बीच थी।

उन्होंने बताया कि घटना सुबह करीब 11 बजे लोटवा बांध में हुई, जो हजारीबाग शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित है। पुलिस अधीक्षक मनोज रत्न चौथे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'छह शवों को बाहर निकाल लिया गया है...और उन्हें पोस्ट मार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।'

# मोहम्मद शमी की भूमिका स्पष्ट है, लेकिन अंतिम एकादश में उनके लिए जगह नहीं है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कई बार ऐसा होता है कि कोई महानतम अभिनेता किसी खास फिल्म के किरदार में फिट नहीं बैठता और एकदिवसीय विश्व कप के दौरान यही हालत तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की है जिनकी भूमिका स्पष्ट होने के बावजूद उनके लिए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के अंतिम एकादश में जगह नहीं है।

लगता है कि 2019 विश्व कप के विपरीत भारतीय टीम प्रबंधन इस समय टीम के सदस्यों की भूमिका को लेकर अधिक स्पष्ट है और यही वजह है कि विश्व स्तरीय गेंदबाज होने के बावजूद शमी को पहले तीन मैच में खेलने का मौका नहीं मिला। ऐसा तब हो रहा है जबकि शमी ने विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच में पांच विकेट लिए थे। जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज नई गेंद का जिम्मा संभाल रहे हैं जबकि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। अब तक दो मैच में कुल मिलाकर आठ ओवर करने वाले शार्दुल ठाकुर सपाट पिच पर चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका निभा रहे हैं और अगर चेन्नई की तरह पिच स्पिनरों के लिए मददगार हो तो फिर कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के साथ तीसरे स्पिनर के रूप में आर अश्विन को अंतिम एकादश में जगह मिल रही है। इस बार बल्लेबाजी में भी अधिक स्पष्टता नजर आ रही है जबकि 2019 में चौथा नंबर 'म्यूजिकल चेयर' बन गया था। श्रेयस अगर फिट रहते हैं तो इस नंबर पर वह टीम की पहली पसंद हैं। आलम यह है कि जिस सूर्यकुमार यादव को 'एक्स फैक्टर' माना जा रहा है, उनके लिए अंतिम एकादश में जगह नहीं है। रोहित शर्मा आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और इस समय भारतीय टीम को हराना बेहद मुश्किल लग रहा है। लेकिन कुछ ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब टीम प्रबंधन को ढूंढना होगा। जैसे कि क्या टीम हार्दिक पर तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में विश्वास कर सकती है। क्या ठाकुर की जगह शमी को नहीं लिया जाना चाहिए, क्योंकि अभी तक नंबर 8 के बल्लेबाज को बल्लेबाजी करने की जरूरत नहीं पड़ी।

# ओडिशा के खेलमंत्री ने एशियाई खेलों में रजत जीतने वाले जेना को सम्मानित किया



**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के खेल और युवा कार्यमंत्री तुषारकांति बहेड़ा ने हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले भालाफेंक खिलाड़ी किशोर कुमार जेना को सम्मानित किया । जेना ने एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 87 . 54 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता और पेरिस ओलंपिक के लिये भी क्वालीफाई कर दिया । ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता था । बहेड़ा ने कलिंगा खेल परिसर में जेना को सम्मानित किया। इस मौके पर हॉकी प्रवर्तन परिषद के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, खेल निदेशक सिद्धार्थ दास, ओडिशा ओलंपिक संघ और खेल विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे । बहेड़ा ने कहा ,'' जेना के कड़े परिश्रम और लगन ने पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है । उसने पिछले कुछ साल में एक खिलाड़ी के तौर पर काफी प्रगति की है । मुझे यकीन है कि वह पेरिस ओलंपिक में ओडिशा और भारत का नाम रोशन करेगा।''

## सुविचार

इंटेलीजेंट वह नहीं होते, जो स्कूल में टॉप करते हैं, इंटेलिजेंट वह होते हैं, जो लाइफ में टॉप करते हैं।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'समलैंगिक विवाह': कई सवाल बरकरार

'समलैंगिक विवाह' को कानूनी मान्यता दिए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाकर स्पष्ट कर दिया कि इस पर कानून बनाना संसद का काम है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति हिमा कोहली के फैसले के बाद अब गेंद केंद्र के पाले में है। 'समलैंगिक विवाह' को लेकर हाल के वर्षों में राष्ट्रीय मीडिया में ख़बरों का प्रतिशत बढ़ा है। डेढ़-दो दशक पहले तो आम जनता में शायद ही किसी ने इस पर चर्चा की होगी। लोगों के लिए यह विश्वास करना मुश्किल था कि ऐसा भी हो सकता है! भारतीय समाज जिन परंपराओं, मूल्यों और विश्वासों को लेकर चलता है, उसमें 'समलैंगिक विवाहों' को स्वीकृति मिलना बहुत मुश्किल है। सवाल तो यह भी है कि ऐसे विवाहों का भविष्य क्या होगा? परस्पर प्रेम, संतानोत्पत्ति, पारिवारिक व सामाजिक जीवन में भागीदारी समेत ऐसे कई पहलू हैं, जिनको लेकर 'समलैंगिक विवाहों' की भूमिका के बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं है। हां, पश्चिमी देशों में ऐसे विवाहों की बाढ़-सी आई हुई है, लेकिन यह भी ध्यान रखें कि वहां 'परिवार' टूट रहे हैं। बल्कि ऐसा कहना उचित होगा कि परिवार व्यवस्था ही नष्ट हो रही है। तलाक बढ़ते जा रहे हैं। वहां 'समलैंगिक विवाहों' को आश्चर्य की दृष्टि से नहीं देखा जाता। ऐसे जोड़ों को जब संतानोत्पत्ति की इच्छा होती है तो आधुनिक विज्ञान ने इसके लिए भी नई संभावनाएं खोल दी हैं। अमेरिका का एक चर्चित स्पर्म डोनर कहता है कि 'उसने अपने जीवन में सबसे पहले एक समलैंगिक जोड़े की 'मदद' की थी। उसमें एक महिला संतान चाहती थी।' जहां-जहां इस प्रकार के विवाहों को मान्यता मिलेगी, कालांतर में संतानोत्पत्ति के नए विकल्प सामने आते जाएंगे, लेकिन क्या ये जोड़े उन बच्चों को 'पूरा प्रेम' दे पाएंगे? स्वस्थ बचपन के लिए माता-पिता के प्रेम के साथ अन्य रिश्तों की भी जरूरत होती है। क्या 'समलैंगिक विवाह' में ऐसा संभव है?

भारत में 19वीं सदी में जन्मे एक महान दार्शनिक व सुधारक ने तत्कालीन समाज में व्याप्त बाल विवाह की समस्या के समाधान के लिए लिखा था कि (शिक्षा, अध्यात्म व जागरूकता द्वारा) लड़कों के (बाल) विवाह बंद करवा दें, इससे लड़कियों के बाल विवाह बंद हो जाएंगे। चूंकि उस समय स्कूल-कॉलेज की शिक्षा का अधिक चलन नहीं था। लड़कों के लिए 'अक्षरज्ञान' पर्याप्त होता था। सामान्य परिवारों की लड़कियों के लिए तो स्कूल मिलना बहुत मुश्किल था। आज बाल विवाह जैसी प्रथाओं पर कड़ा नियंत्रण पा लिया गया है, लेकिन समाज पर पाश्चात्य प्रभाव बढ़ता जा रहा है। पश्चिम की यह देखादेखी भविष्य में हमारे परिवारों के लिए कहीं घातक सिद्ध न हो जाए। प्रधान न्यायाधीश द्वारा केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाना कि समलैंगिक समुदाय के साथ भेदभाव नहीं किया जाए, मानवाधिकारों से जुड़ा मुद्दा भी है। निस्संदेह ये लोग इसी समाज का हिस्सा हैं। लिहाजा इनके अधिकारों की रक्षा की जाए। ये गरिमापूर्ण ढंग से जीवन जी सकें, इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रधान न्यायाधीश ने उचित ही कहा कि 'समलैंगिकता प्राकृतिक होती है, जो सदियों से जानी जाती है और इसका केवल शहरी या अभिजात्य वर्ग से संबंध नहीं है। ... वे (केंद्र, राज्य और केंद्रशासित प्रदेश) समलैंगिक अधिकारों के बारे में आम लोगों को जागरूक करने के लिए कदम उठाएं और यह सुनिश्चित करें कि लिंग-परिवर्तन ऑपरेशन की अनुमति उस आयु तक न दी जाए, जब तक इसके इच्छुक लोग इसके परिणाम को पूरी तरह समझने में सक्षम नहीं हों।' न्यायालय द्वारा सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का यह बयान दर्ज किया जाना कि केंद्र समलैंगिक लोगों के अधिकारों के संबंध में फैसला करने के लिए समिति गठित करेगा, समानता की दिशा में एक कदम है। भविष्य में सरकारें जो भी फैसले लें, भारतीय संस्कृति, समाज, उसकी परंपराओं, मूल्यों और विश्वासों को ध्यान में रखकर ही लें।

## ट्वीटर टॉक



महाराणा प्रताप के वंशज, मेवाड़ से श्री विश्वराज सिंह जी एवं सामाजिक न्याय मंच के संस्थापक स्व. श्री लोकेंद्र सिंह कालवी जी के पुत्र श्री भवानी सिंह कालवी जी का भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत है। आपकी सहभागिता भारतीय जनता पार्टी को और अधिक मजबूत बनाएगी।

**–वसुंधरा राजे**



महाराणा प्रताप के वंशज श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ जी एवं सामाजिक न्याय मंच के संस्थापक स्व लोकेंद्र सिंह कालवी जी के सुपुत्र श्री भवानी सिंह कालवी जी का भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन। आपके भाजपा परिवार में शामिल होने से पार्टी और अधिक सुदृढ़ व सशक्त होगी।

**–अरुण सिंह**



कांग्रेस की राजनीति हमेशा झूठ बोलकर सत्ता में आने और लूटतंत्र की स्थापना कर प्रदेश को एक परिवार का एटीएम बनाने की रही है। राजस्थान का हर वर्ग कांग्रेसी कुशासन, अराजकता और भ्रष्टाचार से त्रस्त हैं। आज प्रदेश मनी-लांड्रिंग का केंद्र बन गया है।

**–जेपी नड्डा**

## प्रेरक प्रसंग

# सच्चा स्वयंसेवक

उन दिनों दिल्ली में अखिल भारतीय हिंदी साहित्य सम्मेलन का अधिवेशन चल रहा था। चारों ओर काफी चहल-पहल थी। साहित्यिक महारथी साफ-सुथरे व चमकदार कपड़ों में अपनी साहित्यिक गतिविधियों में लगे थे। वे लोग स्वयंसेवकों को बुरा-भला कहते और व्यवस्था में खामियां निकालते हुए इधर-उधर घूम रहे थे। कुछ ही देर में इन साहित्यकारों की शोभायात्रा निकलने वाली था, जिसकी तैयारी जोर-शोर से हो रही थी। ऐसे समय सभी अध्यक्ष राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन को खोज रहे थे। जुलूस का समय हो रहा था और वे अब तक नहीं आए थे। कुछ साहित्यिक महारथी दौड़कर राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के निवास स्थान पर पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि राजर्षि अपने खादी के वस्त्र धो रहे हैं। एक सज्जन बोल उठे, 'बाबूजी, प्रतिनिधियों के कपड़े धोने के लिए धोबी की व्यवस्था है। आप स्वयं यह मामूली काम क्यों कर रहे हैं? उधर जुलूस में भी विलंब हो रहा है।' राजर्षि ने सहजता से उत्तर दिया, 'क्या मेरे बिना जुलूस नहीं निकल सकता? और हां, जिसे तुम मामूली काम कह रहे हो, वह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## सामयिक

# भाजपा की सूची से वसुंधरा समर्थकों में नाराजगी

रमेश सर्राफ धमोरा
मोबाइल : 9414255034



राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 41 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में शामिल 41 सीटों में से 40 सीटों पर भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में हार गई थी। एकमात्र विद्याधर नगर की सीट पर पूर्व मंत्री नरपत सिंह राजवी चुनाव जीते थे। मगर उनका भी टिकट काट दिया गया है। विद्याधर नगर से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी, झोटवाड़ा से पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, मांडल से पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, नगर से पूर्व विधायक अनिता सिंह, बांदीकुई से पूर्व विधायक अलका सिंह गुर्जर, सुजानगढ़ से पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, वैर से पूर्व विधायक रामस्वरूप कोली का टिकट कटने से वसुंधरा खेमे में नाराजगी व्याप्त हो रही है। टिकट कटने वाले सभी नेता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी माने जाते हैं। हालांकि भाजपा आलाकमान का कहना है कि हमने जो 41 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से 40 प्रत्याशी पिछले चुनाव में हार चुके थे। इनमें भी 11 सीट दातारामगढ़, कोटपूतली, झुंझुनू, सांचैर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ, नवलगढ़, लालसोट, सपोटरा, बागीदौरा और बस्सी ऐसी विधानसभा सीट हैं जहां भाजपा पिछले तीन चुनाव से लगातार हार रही है। इन 41 सीटों में 2018 में भाजपा ने सिर्फ एक सीट ही जीती थी। वहीं 2013 में 25 सीट व 2008 में 5 सीटों पर ही जीत पाई थी।

अपने हार के आंकड़ों को सुधारने के लिए ही भाजपा ने इस बार इन 41 सीटों पर बड़ा फेरबदल किया है। इन 41 सीटों में से 29 सीटों पर इस बार भाजपा ने नए उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें से 6 प्रत्याशी तो ऐसे हैं जो पिछले विधानसभा चुनाव में निर्दलीय या अन्य दलों से चुनाव लड़े थे। इनमें से कई ऐसे प्रत्याशी भी है जो पिछले चुनाव में तीसरे नंबर पर आए थे। लेकिन फिर भी उनको पार्टी टिकट दे दी गई है। अभी तक भाजपा द्वारा घोषित किए गए 41 प्रत्याशियों में 6 लोकसभा के मौजूदा सांसदो को टिकट दिया गया है।

जिसमें जयपुर ग्रामीण के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन राठौर को झोटवाड़ा से कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारिया के सामने, अलवर सांसद बाबा बालकनाथ को तिजारा में राज्य खाद्य निगम के अध्यक्ष विधायक संदीप यादव के सामने, जालौर सांसद देवजी पटेल को सांचैर से मंत्री सुखराम बिश्नोई के सामने, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से निर्दलीय विधायक सुरेश टांक के सामने, झुंझुनू सांसद नरेंद्र कुमार को मंडावा से कांग्रेस विधायक रीटा चौधरी के सामने, राजसमंद सांसद दिया कुमारी को विद्याधर नगर से भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा को सवाई माधोपुर से कांग्रेस के विधायक दानिश अबरार के सामने, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया को लक्ष्मणगढ़ सीट से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के सामने प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व सांसद बहादुर सिंह कोली को वैर से कैबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव के सामने उम्मीदवार बनाया गया है।

भाजपा का मानना है कि अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के सामने सांसदों को प्रत्याशी बनाने से चुनाव में कांटे की टक्कर हो जाएगी। ऐसे में सरकार के मंत्री दूसरी सीटों पर प्रचार करने के लिए नहीं निकाल पाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा के सामने भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सीकर से तीन बार सांसद रहे सुभाष महरिया को प्रत्याशी बनाया है। सुभाष महरिया 2013 के विधानसभा चुनाव में गोविंद सिंह डोटासरा से पराजित हो चुके हैं। भाजपा ने जिन 41 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से अधिकांश सीटों पर टिकट की दावेदारी जता रहे प्रत्याशियों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। कई सीटों पर तो पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा भी करदी है। जिससे भाजपा की स्थिति खराब हो रही है। भाजपा ने झुंझुनू सीट पर पिछली बार चुनाव लड़े राजेंद्र भाम्भू के स्थान पर पिछली बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े निषित उर्फ बबलू चौधरी को टिकट दिया है। जिससे नाराज होकर राजेंद्र भाम्भू ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है।

मंडावा में सांसद नरेंद्र कुमार को टिकट देने से 2019 के विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी रही सुशीला सीगड़ा, पूर्व प्रधान गिरधारी खिचड़ ने भी बगावती राग अलापना शुरू कर दिया हैं। जयपुर के झोटवाड़ा सीट पर तो पूर्व मंत्री राजपाल सिंह का टिकट कटने के बाद उनके समर्थको ने सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को काले झंडे दिखाकर विरोध जता रहे हैं। कोटपूतली से टिकट कटने पर पिछली बार भाजपा के प्रत्याशी रहे मुकेश गोयल ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। भरतपुर जिले की नगर सीट से दो बार विधायक रही अनीता गुर्जर ने अपना टिकट काटने पर निर्दलीय चुनाव लड़ने की बात कही है।

देवली-उनियारा सीट पर गुर्जर नेता रहे कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैसला को टिकट देने पर पिछली बार भाजपा प्रत्याशी रहे राजेंद्र गुर्जर काफी नाराज है तथा खुलकर अपनी नाराजगी प्रकट करते हुए विजय बैसला को बाहरी प्रत्याशी बताकर उनका विरोध कर रहे हैं। सांचैर से सांसद देवजी पटेल को टिकट मिलने पर 2018 में चुनाव लड़े दानाराम चैधरी के समर्थक तो देवजी पटेल के साथ मारपीट तक कर चुके हैं।

वर्ष 2022 में सहाड़ा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने रतनलाल जाट को टिकट दिया था। मगर इस बार लादूलाल पितलिया को प्रत्याशी बनाया है। उपचुनाव में पीतलिया ने निर्दलिय फॉर्म भरा था मगर बाद में समझाने पर चुनाव मैदान से हट गए थे। हालांकि भाजपा ने उदयपुरवाटी से अपने पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी को टिकट देकर महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हुए बर्खास्त मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के लिए सीट नहीं छोड़कर शिंदे गुट को उनकी हैसियत दिखा दी है। लाल डायरी प्रकरण से चर्चित हुए राजेंद्र सिंह गुढ़ा पिछले दिनों ही अपने गांव में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लाकर यह प्रयास कर रहे थे कि भाजपा उनके लिए खाली छोड़ दे। मगर भाजपा ने ऐसा नहीं किया।

हालांकि कांग्रेस ने अभी तक राजस्थान में अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। जबकि भाजपा ने 41 सीटों पर नाम की घोषणा कर दी है। मगर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करने के बाद भाजपा में जिस तरह की आपसी खींचतान व विरोध हो रहा है उसके चलते पार्टी बैक फुट पर आ गई है। इसी कारण पार्टी ने अन्य प्रत्याशियों के नाम की घोषणा रोक दी है। भाजपा में घोषित उम्मीदवारों के खिलाफ उठे विद्रोह से भाजपा के बड़े नेता डर गए लगते हैं। वहीं वसुंधरा राजे समर्थक वर्तमान विधायकों को भी अपनी टिकट कटने का डर सताने लगा है। मगर पार्टी में उठे विरोध को देखते हुए मौजूदा विधायकों का टिकट काटना भाजपा के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है।

## बोध कथा

# संत और कंजूस सेठ

एक संत थे अमर नाथ जी वे हमेशा प्रभु ईश्वर के गुणगान में लगे रहतें थे और लोगो को भी बुराइयों को त्यागकर ईश्वर भक्ति में लीन होने की उपदेश दिया करतें थे। लोग उनके उपदेश को सुना करते थे उनसे प्रेरणा लिया करते और इस तरह उनकी भक्तों की संख्या दीन प्रतिदिन बढ़ती गयी।उनकी भक्ति का गुणगान सुनकर एक सेठ, संत अमरनाथ जी से मिलने पहुंचे। वह सेठ बहुत ही धनी था, उसके लिए पैसा ही सब कुछ था, उस सेठ के लिए पैसे की अलावा सब कुछ बेकार था।

पैसे के लिए वह कुछ भी कर गुजरने को तैयार था जैसे झूट बोलना, लड़ाई झगड़ा करना, छल करना आदि। सेठ को संत अमरनाथ का सांत स्वभाव को देखकर सेठ को बहुत आश्चर्य हुआ, उसने संत से पूछा की आप की आप इतना सांत और निश्छलता के साथ कैसे रहते हो, आपको कभी पैसे का लालच नहीं होता, आप अपने इस आनंद मय जीवन का राज कृपा कर मुझे भी बताएं। संत अमरनाथ जी ने कहा की ये सब बात को छोड़िये, मै आपको एक राज की बात बताता हूँ, आपकी एक सप्ताह बाद मृत्यु हो जाएगी। यह बात सुनकर बेचारे सेठ के दिल दिमाग में सन्नाटा छा गया, सेठ भय से ब्याकुल हो गए।

मृत्यु को समीप जानकार उनका सारी वासनाये लालच सब समाप्त हो गयी। उन्हें अपने जीवन के सब झूट, छल, कपट याद आने लगें और उन्हें अपने आप से घृणा होने लगी। वह उखड़े मन से घर की ओर लौटे उनका बर्ताव पूरा बदला-बदला सा था कोई कुछ बात करता तो सेठ भी प्रेमपूर्वक बात कर लेता।

वह धीरे-धीरे ईश्वर भजन में रूचि लेने लगा, उसके मन में था की अब कुछ ही दीन की तो जिंदगी है और इतना सारा धन-दौलत क्या करू सोच कर ईश्वर भजन में खोया रहता था। वह ईश्वर भक्ति में खोया हुआ अंतिम दिन में अपनी मृत्यु का इन्तजार कर रहा था। तभी संत अमरनाथ जी पहुंचे और सेठ से बोले, क्यों सेठ



जी अब पता चला की मै इतना निश्छल कैसे रहता हूँ। कहानी का तात्पर्य यह है की कोई भी कार्य हो चाहे वह ईश्वर भक्ति या अन्य जरुरी काम हम किसी दूसरे चीजों में उलझे रहतें है और जब अंत नजदीक आता है तब हमे अपनी गलतियों का अहसास होता है।

## मुद्दा


# निठारी कांड के निर्णय पर गूंजते सवाल

अशोक मधुप
मोबाइल : 9675899803

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के नोएडा के चर्चित निठारी कांड के 12 केस के आरोपी सुरेंद्र कोली और दो केस में फंसी की सजा पाए कोठी डीएस5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को भी ने बरी कर दिया है। शायद यह एतिहासिक होगा कि एक साथ 12 मामलों में फंसी के आरोपी को बरी किया गया हो। न्यायालय ने इन्हें दोष मुक्त तो करार दे दिया। किंतु ये न्याय एक तरफा है। अधूरा है। निठारी कांड तो हुआ है।चर्चित निठारी कांड में निचली अदालत से कोली को एक दर्जन से अधिक मामलों में फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है। निठारी गांव के कोठी डीएस5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को दो केस में फंसी की सजा हो चुकी है। अब जब की ये निचली अदालत से फांसी की सजा पाए ये दोनों आरोपी हाईकोर्ट ने बरी कर दिए तो व्यवस्था को यह तो बताना ही होगा कि फिर इस कांड के आरोपी कौन हैं? किसने इस कांड की 19 घटनाओं को अंजाम दिया। कांड तो हुआ ही है।ये दोंनों आरोपी इसलिए बरी हो गए कि इनके विरूद्ध सुबूत नही थे। किंतु पीड़ित परिवार को भी तो न्याय चाहिए। उनके परिवार की युवतियों, बेटियों बच्चों पर जुल्म करने वाला, उनसे व्यभिचार कर उन्हें काटकर खाने वाला कोई तो होगा? किसी ने तो ये कांड किया होगा? उसे कानून की जद में लाकर सजा कौन दिलाएगा? ये निर्दोष थे तो फिर इनकी कोठी के पास नाले में किसने मारकर इनको डाला?

इस मामले में कई दिनों तक चली बहस के बाद अदालत ने सोमवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने सुरेंद्र कोली को दोषमुक्त कर दिया। निचली अदालत ने उसे फांसी की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोठी ऊ-5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को भी कोर्ट ने बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एसएएच रिजवी की अदालत ने यह फैसला सुनाया। कोली पर आरोप है कि वह पंढेर कोठी का केयरटेकर था और लड़कियों को लालच देकर कोठी में लाता था। निठारी गांव की दर्जनों लड़कियों गायब हो गईं। वह उनसे दुष्कर्म कर हत्या कर देता था। लाश के टुकड़े कर बाहर फेंक आता था।

29 दिसंबर 2006 को नोएडा में मोनिंदर सिंह पंढेर के घर के पीछे नाले से 19 बच्चों और महिलाओं के कंकाल मिले। मोनिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली गिरफ्तार किया।आठ फरवरी 2007 को कोली और पंढेर को 14 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा गया।मई 2007 को सीबीआई ने पंढेर को अपनी चार्जशीट में अपहरण, दुष्कर्म और





हत्या के मामले में आरोपमुक्त कर दिया था। दो माह बाद अदालत की फटकार के बाद सीबीआई ने उसे मामले में सहअभियुक्त बनाया।13 फरवरी 2009 को विशेष अदालत ने पंढेर और कोली को 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या का दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई। ये पहला फैसला था।इसके बाद 11 केस में दोनों को सजा हुई।

पुलिस ने इस मामले में कहा था कि कम से कम 19 युवा महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया था, उनकी हत्या कर दी गई थी और उनके शवों के टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए थे। पुलिस ने उस समय कहा था कि ये हत्याएं पंढेर के घर के अंदर हुई थीं, जहां कोली नौकर के तौर पर काम करते थे।पुलिस ने आरोप लगाया कि जिन बच्चों के अवशेष बैग में छिपे हुए पाए गए थे, उन्हें कोली ने मिठाई और चॉकलेट देकर लालच देकर मार डाला था।पुलिस का कहना था कि जांच के दौरान कोली ने नरभक्षण और नेक्रोफिलिया (शवों के साथ संबंध बनाने) की बात कबूल की थी। बाद में उन्होंने अदालत में अपना कबूलनामा ये कहते हुए वापस ले लिया कि उनसे जबरन ये बयान दिलवाया गया था।सीबीआई ने सुरेंदर कोली और पंढेर के खिलाफ़ 19 मामले दर्ज किए थे। जहां कोली पर हत्या, अपहरण, बलात्कार, सबूतों को मिटाने जैसे आरोप थे तो वहीं पंढेर पर अनैतिक तस्करी का आरोप था।इस मामले की गूंज कई सालों तक देश गूंजती रही थी। लोगों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए थे. स्थानीय लोगों ने उस समय कहा था कि पुलिस इस मामले में इसलिए भी कार्रवाई नहीं कर सकी क्योंकि लापता होने वालों में से अधिकतर गरीब परिवार के थे. गाज़ियाबाद जेल में बंद कोली को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई किए जा रहे 12 मामलों में मौत की सज़ा सुनाई गई थी। वहीं पंढेर नोएडा की जेल में बंद हैं और उन्हें दो मामलों में मौत की सज़ा हुई थी। कोली की सज़ा को उम्रकैद में बदलने वाले हाईकोर्ट के आदेश को उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अभी ये मामला शीर्ष न्यायालय में लंबित है।

न्यायालय ने निर्णय में ये माना कि आरोपियों के विरुद्ध सबूत नही हैं। न्यायालय ने ये नही कहा कि कांड हुआ ही नही।कांड तो हुआ। 19 महिलाओं और बच्चियों के कंकाल कोठी डीएस5 के सामने नाले से मिले। अब प्रश्न यह है कि ये नही तो किसी और ने ये कांड किया है।जिसने कांड किया उसे सजा दिलाने की किसकी जिम्मेदारी है? किंतु लगता है कि न्यायालय ने इस केस के आरोपी के बरी हो जाने के बाद ये केस व्यवस्था की कबाड़ की फाइल में चला जाएगा। 2006 से न्याय की आशा में बैठे पीडित परिवार को रो पीट कर चुप हो बैठना पड़ेगा ।इस निर्णय के बाद पीड़ितों के माता पिता और परिवार वालों का दुख और गहरा हो गया। अपनों को खोने वालों ने कहा कि 17 साल बाद भी हम लोगों को न्याय नहीं मिला। निठारी कांड में अपने बच्चों को खोने वाले पैरंट्स का लगभग एक ही सवाल है कि अगर पंढ़ेर और कोली निर्दोष हैं तो उनके बच्चों को किसने मारा है?

एक बात और हाईकोर्ट ने कहा कि शवों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर जांच नही हुई।ये रिपोर्ट मानव तस्करी की और इशारा कर रही थी।दोनों न्यायधीश ने जांच पर नाखुशी जताते हुए ये भी कहा कि जांच बेहद खराब है। सुबूत जुटाने की मौलिक प्रक्रिया का पूरी तरह उल्लंघन किया गया। जांच एसेंसियों की नाकामी जनता के विश्वास के साथ धोखा है। हाईकोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसियों ने अंग व्यापार के गंभीर पहलुओं की जांच किए बिना एक गरीब नौकर को खलनायक की तरह पेश किया। हाईकोर्ट ने माना कि ऐसी गंभीर चूक के कारण मिलीभगत सहित कई गंभीर निष्कर्ष संभव है। हाईकोर्ट ने यह भी माना कि आरोपी अपील कर्ता को निचली अदालत में स्पष्ट रूप से निचली अदालत में सुनवाई का मौका नही मिला। न्यायालय ने निर्णय में ये भी कहा कि दोनों आरोपियों के खिलाफ कोई सुबूत नही हैं।सुबूत के अभाव में दोनों आरोपियों को लगभग 17 साल जेल में रहना पड़ा।अकारण जेल में बिताए इनके इन सालों के लिए कौन जिम्मेदार है?

इस केस में शुरूआत से ही पुलिस पर आरोप लगते रहते हैं कि वह इस मामले में रूचि नही ले रही।उसीके बाद मामला सीबीआई को गया। अब सीबीआई की जांच पर भी सवाल उठा है तो सीबीआई को अपनी जांच और प्रक्रिया पर भी सोचना और बदलाव करना होगा। क्योंकि देश में उसका बहुत सम्मान है। प्रत्येक प्रकार के टिपिकल मामले में उसी से जांच कराने की बात आती है। अब उसकी भी जांच ऐसी ही निम्न स्तरीय होगी,तो फिर उसे सोचना तो होगा ही।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

सम्मेलन



नई दिल्ली में स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव सुधांश पंत मंगलवार को नई दिल्ली में 'मानव-वन्यजीव इंटरफेस पर संवर्धित जूनोटिक रोग निगरानी' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में एक समूह तस्वीर खिंचवाते हुए।

# महात्मा गांधी राजनीतिक प्रेरणा ही नहीं, बल्कि कूटनीति को भी प्रोत्साहन देते हैं : एस जयशंकर

हनोई/भाषा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि आज हिंसा और संघर्ष से घिरी दुनिया में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता बहुत बढ़ गयी है क्योंकि वह ना केवल राजनीतिक प्रेरणा हैं, बल्कि कूटनीति को भी प्रोत्साहन देते हैं।

वियतनाम के 'हो ची मिन्ह सिटी' में महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा के अनावरण समारोह में जयशंकर ने सत्य, अहिंसा, स्वतंत्रता और लोगों की आजादी में योगदान को लेकर भारत के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी की सराहना की। उन्होंने कहा, ''महात्मा गांधी निस्संदेह हमारे समकालीन विश्व की सबसे प्रतिष्ठित शख्सियतों में से एक हैं। सत्य, अहिंसा, स्वतंत्रता और लोगों की आजादी में उनके योगदान को संयुक्त राष्ट्र ने उनके जन्मदिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में घोषित करके मान्यता दी है।



चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रविवार को वियतनाम पहुंचे जयशंकर ने कहा कि गांधी ने न केवल भारत को एकजुट किया बल्कि इस तरह की चाहत रखने वाले अन्य देशों, महाद्वीपों और लोगों को भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा, ''महात्मा गांधी का योगदान इससे भी परे है। आज उनके विचार मानवीय गरिमा, सामाजिक मूल्यों, आध्यात्मिकता, पर्यावरण, स्थिरता, स्वच्छता और कई अन्य क्षेत्रों के लिए एक बहुत शक्तिशाली प्रेरणा हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि आज संघर्ष और हिंसा से घिरे विश्व में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि ऐसे में जब कि विश्व विरोधाभासों में तालमेल बैठाने, विभाजन की खाइयों को पाटने के लिए प्रयासरत है, महात्मा गांधी ना केवल राजनीतिक प्रेरणा देते हैं, बल्कि कूटनीति को भी प्रोत्साहित करते हैं।

जयशंकर ने कहा कि प्रतिमा का अनावरण एक प्रतीकात्मक क्षण है जो दोनों देशों के बीच दोस्ती को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत-वियनाम की दोस्ती आपसी सम्मान और बेहतर दुनिया से जुड़ी साझा आकांक्षा पर आधारित है। 'एक्स' पर अपने पोस्ट में उन्होंने कहा, हो ची मिन्ह सिटी के ताओ डान पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण का बड़ा महत्व है। स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और मानव गरिमा का संदेश वियतनाम और भारत को एक-दूसरे के करीब लाया है। उपाध्यक्ष डूओंग एन्ह डुक के साथ उद्घाटन में भाग लेने का सौभाग्य मिला।

जयशंकर ने कहा कि पिछली शताब्दी की दो महान हस्तियों, महात्मा गांधी और राष्ट्रपति हो ची मिन्ह, के बीच संदेशों का आदान-प्रदान आजीवन होता रहा। उहोंने कहा कि वर्ष 1958 में भारत यात्रा के दौरान मीडिया में 'हो ची मिन्ह' को उद्धृत करते हुए कहा गया , ''मैं और अन्य लोग क्रांतिकारी हो सकते हैं, लेकिन परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से हम महात्मा गांधी के शिष्य हैं। ना इससे अधिक और ना इससे कम। जयशंकर ने कहा कि आज दोनों देशों की दोस्ती के दायरे में राजनीतिक संवाद, आर्थिक सहयोग, व्यापार एवं निवेश, रक्षा एवं सुरक्षा, विकास संबंधी सहयोग, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच का संबंध शामिल है।

# चारधाम तीर्थयात्रियों की संख्या पहली बार पहुंची 50 लाख के पार

देहरादून/भाषा। उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित चारधामों के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या पहली बार 50 लाख के पार हो गयी है ।

पुलिस ने यहां बताया कि विश्वप्रसिद्ध चारधाम-बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के दर्शन के लिए देश-विदेश से रिकॉर्ड संख्या में तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं और इस यात्रा सीजन में अब तक 50 लाख तीर्थयात्री यहां पहुंच चुके हैं ।

आंकड़ों के अनुसार, 16 अक्टूबर तक चारधाम के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 50 लाख के पार पहुंच गयी है। इसके साथ ही लगभग 5.41 लाख वाहन भी चारधाम पहुंचे हैं।

अप्रैल-मई में यात्रा आरंभ होने के बाद केदारनाथ धाम में लगभग 17.08 लाख, बदरीनाथ धाम में 15.90 लाख, गंगोत्री में 8.46 लाख, यमुनोत्री में 6.94लाख यात्री दर्शनों के लिए पहुंच चुके हैं । इसके अलावा, हेमकुंड साहिब में भी 1.77 लाख से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन किये जा चुके हैं। हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो चुके हैं ।

पिछले साल रिकॉर्ड 47 लाख श्रद्धालु चारधाम की यात्रा के लिए पहुंचे थे ।

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने सुरक्षित व निर्बाध चारधाम यात्रा के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि राज्य पुलिस द्वारा प्रत्येक स्तर पर तीर्थयात्रियों की हर संभव सहायता की जा रही है।

गढ़वाल हिमालय में स्थित चारधाम हर वर्ष अक्टूबर-नवंबर में दीवाली के बाद शीतकाल में श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाते हैं और ये छह माह बाद अप्रैल-मई में दोबारा खोले जाते हैं ।

# बीआरआई सम्मेलन में पुतिन समेत कई नेता होंगे शामिल, जानिए चीन से क्या हैं उनकी उम्मीदें

बीजिंग/एपी

चीन अपनी 10 साल पुरानी बेल्ट एंड रोड परियोजना के सिलसिले में एक अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें कम से कम 20 राष्ट्रों के प्रमुख हिस्सा लेंगे।

सम्मेलन में जिन देशों के नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है, उनमें दक्षिण पूर्वी, दक्षिण एशियाई, पश्चिम एशियाई, अफ्रीकी और लातिन अमेरिकी देश शामिल हैं।

बीजिंग में 17-18 अक्टूबर को आयोजित इस सम्मेलन में शामिल होने वाले नेताओं में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो, हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज शामिल हैं।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को बीजिंग पहुंचे। यूक्रेन युद्ध के सिलसिले में मार्च में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने पुतिन के खिलाफ वारंट जारी किया था, जिसके बाद से पूर्व सोवियत संघ के किसी देश के बाहर पुतिन की यह पहली यात्रा है।

पुतिन की यह यात्रा यूक्रेन में जारी युद्ध के बाद अलग-थलग पड़े रूस के लिए चीन के आर्थिक और कूटनीतिक समर्थन को रेखांकित करती है। अपनी यात्रा से पहले चीनी सरकारी मीडिया को दिए साक्षात्कार में पुतिन ने बीआरआई परियोजनाओं को वैश्विक क्षेत्र में चीन की सहयोग की इच्छा के रूप में वर्णित किया। हालांकि अमेरिका इस परियोजना को छोटे देशों के लिए कर्ज का जाल कहता रहा है।

यूक्रेन युद्ध के कारण यूरोपीय संघ से व्यापार बंद होने के बाद रूस एशिया में व्यापार बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

रूसी सरकार के अनुसार, वर्ष की पहली छमाही में चीन-रूस व्यापार में 30 प्रतिशत वृद्धि हुई और इस वर्ष 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक व्यापार होने की उम्मीद है।

चीन के साथ संयुक्त बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के मामले में रूस की प्राथमिकताओं में से एक 'पावर ऑफ साइबेरिया -2' पाइपलाइन का निर्माण करना है, जिससे रूस मंगोलिया के रास्ते चीन को अधिक प्राकृतिक गैस बेचना चाहता है।

श्रीलंका और जाम्बिया उन देशों में शामिल हैं, जिन्होंने चीन और अन्य अंतरराष्ट्रीय ऋणदाताओं को अपना कर्ज नहीं चुकाया है। देश के पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने बढ़ती महंगाई और गंभीर आर्थिक संकट के विरोध के बीच जुलाई 2022 में पद छोड़ दिया था।

श्रीलंका ने राजमार्गों, एक बंदरगाह, एक हवाई अड्डे और एक कोयला बिजली संयंत्र के निर्माण के लिए चीनी वित्त का उपयोग किया था, जिससे उस पर सात अरब अमेरिकी डॉलर का कर्ज हो गया था। चीन का कर्ज चुकाने के अपने प्रयासों के तहत, श्रीलंका ने उसे एक रणनीतिक बंदरगाह का नियंत्रण सौंप दिया। बीआरआई के आलोचक इस घटना को चीन की ऋण जाल कूटनीति की मिसाल के तौर पर पेश करते हैं।

पिछले साल पदभार संभालने वाले श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे चीन की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के तहत सम्मेलन में शामिल होने जा रहे हैं। उम्मीद है कि वह चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। अफ्रीका में बीआरआई परियोजनाओं में से शामिल एक प्रमुख परियोजना मोम्बासा-नैरोबी रेलवे लाइन है, जो 592 किलोमीटर (368 मील) तक फैली हुई है।



# हेमा मालिनी के जन्म दिन पार्टी में शामिल हुई जया बच्चन

मुंबई /एजेन्सी

दिग्गज अभिनेत्री जया बच्चन फिर एक बार पापाराजी को दिए गए रिस्पॉन्स के चलते चर्चा में हैं। बॉलीवुड की एवरग्रीन ब्यूटी हेमा मालिनी की बर्थडे पार्टी में इंडस्ट्री के तमाम सितारे शरीक होने पहुंचे थे और इसी खूबसूरत शाम का हिस्सा बनीं महानायक अमिताभ बच्चन की पत्नी जया बच्चन। जया बच्चन जिस वक्त पद्मिनी कोल्हापुरे के साथ तस्वीरें खिंचवाने के लिए स्टेज की तरफ बढ़ रही थीं तब पापाराजी ने उन्हें बताना शुरू कर दिया कि वह किस तरह और कैसे पोज दें।

इस पर जया बच्चन ने पहले तो स्टेज की तरफ जाते हुए ही साफ कर दिया कि वह खुद से तस्वीरें खिंचवाने नहीं आई हैं। उन्होंने फोटोग्राफर्स से कहा, यह पद्मिनी मुझे यहां पर लेकर आई है। फिर जब पापाराजी ने उन्हें फोटोज के लिए यह बताना शुरू कर दिया कि वो किधर देखें तो जया बच्चन ने अपने पुराने जाने पहचाने अंदाज में कहा, अब आप लोग इतना डायरेक्शन मत दीजिए। उन्होंने फोटोग्राफर्स के सामने हाथ जोड़े और वहां से चली गईं।

बता दें कि जया बच्चन फोटोग्राफर्स को डांटने और कई बार उन्हें रूड रिस्पॉन्स देने के लिए सुर्खियों में रही हैं। जया बच्चन का यह वीडियो पापाराजी विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। विरल ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, यह कोई आम दिन नहीं है, हमें जया बच्चन की तस्वीरें खींचने का मौका मिला है। वीडियो पर लोगों ने अपने रिएक्शन दिए हैं और कई ने जया के बिहेवियर की आलोचना की है।

एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, यह एटिट्यूड किसी एक्ट्रेस का नहीं एक पॉलिटिशियन का है। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, सब लोग उसकी तस्वीरें लेते ही क्यों हैं जब वो हर पल मीडिया को जलील करती रहती है। एक फैन ने वीडियो पर कमेंट किया, मुझे तो यकीन ही नहीं हो रहा है कि वो स्माइल कर रही है।

एक यूजर ने कमेंट किया, जया बच्चन का लुक बहुत फनी है, छोटा पंडित लग रही हैं। बात करें हेमा मालिनी के बर्थडे की तो इस मौके पर रेखा से लेकर धर्मेंद्र तक मौजूद रहे।




# 'तेजस' का गाना 'जान दा' रिलीज

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत और अभिनेता वरुण मित्रा की आने वाली फिल्म तेजस का गाना 'जान दा' रिलीज हो गया है। अरिजीत सिंह द्वारा गाए गए गाना 'जान दा' में वरुण मित्रा और कंगना रनौत नजर आ रही हैं।गाने में तेजस गिल उर्फ कंगना रनौत के साथ एक खास पल साझा करते हुए वरुण मित्रा की संगीतकार छवि की झलक दिखाई गई है।

वीडियो को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करते हुए वरुण मित्रा ने लिखा, आप जल्द ही एकवीर से मिलेंगे। वह आपके लिए गाएगा. एकवीर ने तेजस के लिए गाना गाया। कंगना रनौत ने गाने को अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया और लिखा, आप गाने में अद्भुत दिख रहे हैं ।वरुण मित्रा। सचमुच मीठा! सर्वेश मेवारा के निर्देशन में बनी फिल्म 'तेजस' को रॉनी स्क्रूवाला ने प्रोड्यूस किया है।यह फिल्म 27 अक्टूबर को रिलीज होगी।

# नहीं रहे तमिल फिल्मों के प्रशंसित कला निर्देशक मिलन फर्नांडीज

मुंबई /एजेन्सी

'बिल्ला', 'वेलुयनथम', 'वेदालम' और 'ओरम पो' जैसी कई अन्य तमिल फिल्मों के लिए प्रशंसित कला निर्देशक मिलन फर्नांडीज का अजरबैजान में दिल का दौरा पड़ने से दुखद निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर की पुष्टि लोकप्रिय मलयालम अभिनेता प्रेम कुमार ने की, जिन्होंने अपने एक्स हैंडल, पर मिलान के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने लिखा, हे भगवान, कला निर्देशक मिलन सर नहीं रहे, बहुत शांत व्यक्ति, मैं उन्हें थुनिवु में जानता था। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं, यह अज़रबैजान में हुआ। तमिल अभिनेता जयराम रवि ने एक्स पर अपनी संवेदना व्यक्त की, और लिखा, कला निर्देशक मिलन के निधन के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं। इस कठिन समय में उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।



चेन्नई में जन्मे मिलन ने 1999 से तमिल फिल्म उद्योग में सहायक कला निर्देशक के रूप में काम करना शुरू किया। शुरुआत में उन्होंने प्रसिद्ध कला निर्देशक साबू सिरिल के साथ 'स्पोकन', 'तमिलियन', 'विलेन' और 'स्ट्रेंजर' जैसी फिल्मों में काम किया। धीरे-धीरे, वह एक एकल कला निर्देशक बनने की ओर स्थानांतरित हो गए जहां उन्होंने 2006 की फिल्म 'कलाभा कंधलान' और 2007 की ब्लैक-कॉमेडी फिल्म 'ओराम पो' के लिए आर्ट डिजाइन किया। बाद में वह 'वैथीश्वरन', 'सोल्ला सोल्ला इनिक्कुम' फिल्मों का हिस्सा रहे और 2012 में कॉमेडी फिल्म 'पद्मश्री भारत सरोज कुमार' के साथ मलयालम सिनेमा में भी प्रवेश किया। 2006 से मिलन फर्नांडीज ने 30 से अधिक फिल्मों में काम किया है और विज्ञापनों के लिए कला निर्देशन भी किया है। उनकी कुछ हालिया कलाकृतियां 'ऑक्सीजन', 'सैमी 2', 'जानी', 'बोगुन' और 'सागासम' जैसी फिल्मों में प्रदर्शित की गई हैं। उनकी आखिरी फिल्म निर्देशक शिवा की आगामी पीरियड-एक्शन तमिल फिल्म 'कांगुवा' है, जिसमें सूर्या, दिशा पटानी, बॉबी देओल, योगी बाबू, रवि राघवचंद्र, कोवई सरला और रेडिन किंग्सले जैसे अन्य कलाकार है।

गरबा



सूरत में सोमवार देर रात को गरबा उत्सव के दौरान नृत्य करते लोग।

# तेलुगू सिनेमा में प्रवेश कर रही हैं मानुषी



मुंबई/एजेन्सी

फैशन आइकन मानुषी छिल्लर एक्शन से भरपूर थ्रिलर 'ऑपरेशन वेलेंटाइन' के साथ अपनी तेलुगू फिल्म की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यहां वो वह वरुण तेज के साथ स्क्रीन शेयर करती नज़र आएंगी। जैसा कि फैंस टॉलीवुड में उनकी एंट्री का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, मानुषी ने इंस्टाग्राम पर अंग्रेजी, हिंदी और तेलुगू में फिल्म के पोस्टर को शेयर किया। पोस्टर काफी शानदार लग रहा है। मानुषी छिल्लर ने पोस्टर शेयर करते हुए पोस्ट को कैप्शन दिया, 'प्रिपेयर फ़ॉर द अल्टीमेट शोडाउन- द बैटल हैज जस्ट बिगन। गेट रेडी फ़ॉर द ऑपरेशन वैलेंटाइन। 8 दिसंबर, 2023 से हिंदी एंड तेलुगू में सिनेमाघरों में।' मानुषी छिल्लर की नई फिल्म मानुषी छिल्लर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत के बाद से ही लोगों की फेवरेट बन गई हैं। उनकी हालिया फ़िल्म 'द ग्रेट इंडियन फ़ैमिली' को दर्शकों और आलोचकों दोनों ने प्यार दिया लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा पाई। अपनी एक्टिंग के अलावा, मानुषी ने खुद को एक फैशन आइकन के रूप में बनाया है। उन्होंने हाल ही में लंदन फैशन वीक में भाग लिया था। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर भी फिल्म की रिलीज डेट शेयर की थी। पोस्ट में लिखा था, 'धमकी देकर शांति बनाना। ऑपरेशन वैलेंटाइन: स्काई हाई रिवील।'

# 'सालार' से पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक आउट



मुंबई/एजेन्सी

'प्रभास' की मच अवेटेड फिल्म 'सालार' से एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक आउट हुआ है। यह पोस्टर पृथ्वीराज के 41वें बर्थडे के मौके पर रिलीज हुआ है। पोस्टर में पृथ्वीराज का खतरनाक लुक देखने को मिल रहा है। फिल्म में वह वर्धाराज मन्नार का किरदार निभा रहे हैं। उनका यह लुक उनके नाम पर फिट बैठ रहा है। उन्होंने माथे पर एक लंबा टीका लगा हुआ है और नाक में एक बड़ी रिंग है। गले में स्कार्फ डाले हुए हैं। उनके पीछे भीड़ दिख रही है। उनके पीछे मंडराते बादल उनके कैरेक्टर और लुक को और भी इम्प्रेसिव बना रहे हैं।

'सालार' के मेकर्स ने पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक जारी कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। होम्बाले फिल्म्स ने पृथ्वीराज का फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, वर्धराजा मन्नार, राजा पृथ्वीराज को शाही जन्मदिन की शुभकामनाएं। इसके रिप्लाई में पृथ्वीराज ने आभार जताया और लिखा,धन्यवाद! इसे दुनिया के देखने का इंतजार नहीं कर सकता। पृथ्वीराज सुकुमार ने खुद भी सालार से अपना फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, होम्बाले फिल्म्स, प्रशांत नील, प्रभास, प्रभास और साराल की पूरी टीम! इस एपिक कहानी को दुनिया के देखते हुए इंतजार नहीं कर सकता। 'सालार' को 'केजीएफ' के डायरेक्टर प्रशांत नील डायरेक्ट किया है। यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'आदिपुरुष' के बाद, प्रभास के फैंस इस एक्शन थ्रिलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले, निर्माताओं ने घोषणा की थी कि फिल्म 28 सितंबर को रिलीज होगी। हालांकि इसे स्थगित कर दिया गया क्योंकि मेकर्स ने फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम करने का फैसला किया। प्रशांत नील की 'सालार' दो पार्ट में रिलीज होने वाली है। पहला पार्ट का नाम 'सालार: पार्ट 1 सीजफायर' है, जिसमें प्रभास, पृथ्वीराज सुकुमारन और श्रुति हासन लीड रोल में हैं। फिल्म में जगपति बाबू, टीनू आनंद, ईश्वरी राव, श्रिया रेड्डी और रामचंद्र राजू भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पहली बार प्रभास ने प्रशांत नील और पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ मिलकर काम किया है।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

काँठा प्रांत की खेल प्रतिभाओं को निखारने, युवाओं में आपसी जुड़ाव बढ़ाने तथा एकीकृत समाज के उद्देश्य से काँठा प्रांत युवक परिषद ट्रस्ट द्वारा 'टपरावत कप बैडमिंटन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। शेषाद्रीपुरम स्थित नेहरू स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित इस प्रतियोगिता में गणेशमल रमेशकुमार गुगलिया के स्वामित्व वाली टीम गणेश गोल्डन टीम ने कालूराम प्रकाशचंद कटारिया के स्वामित्व वाली यूके वारियर्स टीम को 4-3 से हराकर खिताब जीता।



# जेबीएन ट्रेंडसेटर साउथ की नई लीडरशिप गठित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो बेंगलूरु साउथ के जेबीएन ट्रेंडसेटर की आगामी छह माह के लिये नई लीडरशिप का गठन किया गया जिसमें ललित बागरेचा को अध्यक्ष, दीपक चोपड़ा को उपाध्यक्ष एवं चेतन रायसोनी को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। जेबीएन के प्रति अपनी प्राथमिकताओं को बताते हुए हुए नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि सर्वप्रथम सदस्य संख्या की वृद्धि पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चैप्टर के महत्वपूर्ण स्तंभों व्यापार विस्तार, नेटवर्किंग एवं सदस्यों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर विशेष ध्यान रहेगा। उपाध्यक्ष दीपक चोपड़ा ने सदस्यों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि सबसे साथ में हम बढ़ते है, फलित होते है व समृद्ध बनते है। ट्रेंडसेटर के सचिव चेतन रायसोनी ने बताया कि पहली बैठक में 51 सदस्यों के बीच 7 वन टू वन बैठकों में 2 करोड़ रुपए के प्रस्ताव आए।ट्रेंडसेटर की लीडरशिप उत्कृष्टता की दिशा की ओर मार्गदर्शन करने और सदस्यों के व्यक्तिगत एवं पेशेवर विकास के वातावरण को बढ़ाने में सहयोग करेंगे। पायल बैद एवं पंकज जैन को नवीन सदस्यों के रूप में शामिल किया।

# गणेश गोल्डन टीम ने जीता टपरावत बैडमिंटन कप, यूके वारियर्स टीम बनी उपविजेता

## काँठा प्रांत युवक परिषद ने आयोजित की बैडमिंटन प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




बेंगलूरु। काँठा प्रांत की खेल प्रतिभाओं को निखारने, युवाओं में आपसी जुड़ाव बढ़ाने तथा एकीकृत समाज के उद्देश्य से काँठा प्रांत युवक परिषद ट्रस्ट द्वारा 'टपरावत कप बैडमिंटन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। शेषाद्रीपुरम स्थित नेहरू स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित इस प्रतियोगिता में गणेशमल रमेशकुमार गुगलिया के स्वामित्व वाली टीम गणेश गोल्डन टीम ने कालूराम प्रकाशचंद कटारिया के स्वामित्व वाली यूके वारियर्स टीम को 4-3 से हराकर खिताब जीता। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर काँठा परिषद के अध्यक्ष उत्तमचंद कोठारी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से न केवल खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है साथ ही बेंगलूरु के दूर दराज के उपनगरों में बसे काँठा समाज के युवाओं को एक दूसरे को जानने व जुड़ने का अवसर भी मिलता है।।

काँठा परिषद की खेल समिति संयोजक विजय गुगलिया के अनुसार रुपेशकुमार टपरावत के मुख्य प्रायोजन, विनोद नथमल कटारिया के फूड प्रायोजन, शांतिलाल चाणोदिया के जर्सी प्रायोजन, रायचंद गुगलिया परिवार के नीलामी प्रायोजन तथा उत्तमचंद कोठारी के पारितोषिक प्रायोजन में आयोजित इस प्रतियोगिता में 112 खिलाड़ियों के बीच खेले गये 105 कड़े मुकाबलो के पश्चात विजेता का निर्धारण हुआ्। सह संयोजक अमित कोठारी ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता के साथ धनराज चाणोदिया की चाणोदिया चैलेंजर्स, जयंतीलाल गुगलिया व मेघराज डूंगरवाल की होरिजोन स्ट्राइकर्स, प्रकाशचंद चाणोदिया की केशरी रॉयल्स, ओकचंद खींवेसरा की मोहन स्मेशर्स, ज्ञानचंद कटारिया की प्राचीन क्राफ्टर्स तथा प्रकाश टपरावत व महावीर गांधी की वर्धमान ड्रीम 11 टीमों ने भाग लिया। सभी 105 मैच के संचालन में शेखर चाणोदिया, अमित कोठारी एवं विजय गुगलिया का प्रमुख सहयोग रहा।

काँठा परिषद ट्रस्ट के सचिव सिद्धार्थ बोहरा ने शुभारंभ व पारितोषिक वितरण समारोह का संचालन करते हुए सभी प्रायोजकों, टीम मालिकों व खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया खेल के प्रति समाज की महिलाओं की बढ़ती रुचि को देखते हुए आने वाले समय में खिलाड़ी, टीम स्वामित्व व प्रायोजक के रूप में केवल महिलाओं की भागीदारी वाली पीज़न कप बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विजेता एवं उपविजेता को ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार तथा सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में परिषद के ट्रस्टियों के साथ काँठा समाज के आशीष गुगलिया, भरत गांधी, चेतन कटारिया, जयंती सेहलोत, मनोज गुगलिया, राहुल कटारिया तथा खेल स्थल व्यवस्था में राजेश गादिया का सहयोग रहा।






# दाधीच महिलाओं ने किया कन्या पूजन व आयोजित किया डांडिया-गरबा रास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय दायमा दाधीच ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में कर्नाटक दाधीच महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रथम नवरात्रि को कन्या पूजन, गरबा-डांडिया रास का आयोजन दासरहल्ली स्थित रामदेव भक्त मंडल भवन में किया गया। बेंगलूरु महिला मंडल की सर्वेसरवा सरोज ओझा, कर्नाटक महिला प्रकोष्ठ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामा भेड़ा, दाधीच युवा मंडल के अध्यक्ष प्रभाकर काकड़ा द्वारा माता की पूजा की गई। इस मौके पर 9 कुमारी कन्याओं की विशेष पूजा भी की गई तथा उन्हें उपहार दिए गए। अक्षय भक्त मंडल के अध्यक्ष सरवनकुमार बहड़, कोलार जिला अध्यक्ष प्रीति रिणवा, अंजना शर्मा, राकेश-ममता दाधीच ने दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम में दधिमती माता का मंगल पाठ किया गया तथा आयोजित डांडिया व गरबा रास में गायिका कपिलाबेन द्वारा प्रस्तुत गीतों पर युवक युवतियों व महिला सदस्याओं ने गरबा एवं डांडिया रास का आनंद उठाया। मंच का संचालन लोकेश रिणवा ने किया। इस मौके पर रामदेव भक्त मंडल के ट्रस्टियों विशेषकर पंकज मुंडेल का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कर्नाटक दाधीच महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुषमा अशोपा, सरोजा ओझा और प्रभाकर काकड़ा की पूरी टीम का सहयोग रहा।



# शौर्य जागरण रथ यात्रा का हुब्बल्ली में हुआ भव्य स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से शुरु की गई शौर्य जागरण रथ यात्रा हुब्बल्ली पहुंची जहां कर्नाटक कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष प्रसाद शेट्टी, सामाजिक कार्यकर्ता विनोदकुमार पटवा, हुब्बल्ली-धारवाड़ भाजपा के महासचिव दत्तमूर्ति कुलकर्णी, संजय नायक, महेन्द्र कोवटल, मिथुन देवगौड़ा सहित विभिन्न सदस्यों ने रथयात्रा का स्वागत किया।

देशभक्ति व शौर्य गाथा का गुणगान करने के उद्देश्य से निकाली गई यह यात्रा विभिन्न राज्यों से होकर अयोध्या पहुंचकर समाप्त होगी।



# हनुमान चालीसा का पाठ करने से प्राप्त होती है जीवन में सुख समृद्धि : बालयोगी मनोजकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। यहाँ के केआरएस रोड पर स्थित श्री आईमाता मंदिर के प्रांगण में कथा वाचक बालयोगी संत मनोजकुमारजी ने प्रवचन में कहा कि जो लोग तन, मन व धन से दुखी है, उनको 15 दिनों तक हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए, पाठ करने से जीवन में सुख समृद्धि की प्राप्त होती है। हर दिन घर में दुर्गा चालीसा का पाठ करने से माँ की कृपा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं शक्ति का स्वरूप है और महिलावर्ग को दुर्गा चालीसा का पाठ अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर मयंक शर्मा, चंद्रप्रकाश एवं एमके म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सीरवी समाज के अध्यक्ष मोटाराम सोलंकी, आईजी सेवा संघ के अध्यक्ष रूपाराम राठौड़, सचिव किशनलाल सानपुरा, आईजी गैर मंडल के अध्यक्ष चेनाराम परिहार, महिला मंडल की अध्यक्ष विमलादेवी गेहलोत, सचिव कमला गेहलोत सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# 'साधना में आगे बढ़ाने के लिए निरपेक्षता आवश्यक'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. के सान्निध्य में पुच्छीसुणं का संपुट्ट जाप का आयोजन चल रहा है। महासती ने सत्ताइसवीं गाथा का संपृष्ट जाप किया गया। जाप के बाद गाथा का विवेचन करते हुए साध्वी ऋषिताश्रीजी ने कहा कि भगवान महावीर कहते हैं कि क्रियावाद, अक्रियावाद, विनयवाद और नियतिवाद आदि वादों को सम्यक रूप से जानकर एवं समस्त वादों को समझकर आजीवन संयम में उद्वयत अर्थात जागरुक रहना आवश्यक है। वाद मनुष्य जाति का हित कम और अहित अधिक कर रहे हैं। जगत को सत्य से परिचित कराने की आवश्यकता है। साध्वीश्री ने कहा कि पहले स्वयं का सत्य से साक्षात्कार किया जाना चाहिए। अनेकांतवाद को अपनाकर संघ समाज को एक बनाकर रखा जा सकता है। जहां अनेकांतवाद का सिद्धांत होता है वहां किसी प्रकार का कोई क्लेष, वैर भावना एवं किसी प्रकार का विरोध नहीं रहता है। स्वयं का मत सर्वोपरि रखने से विवाद हो सकता है। सभी का मत लेकर चलने से सुमधुर संवाद होता है। साधना में आगे बढ़ाने के लिए निरपेक्षता आवश्यक है, तभी आत्मोद्धार संभव है। साध्वी प्रियंगीश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। साध्वी अनुज्ञाश्रीजी के आठ उपवास की तपस्या सुखसाता पूर्वक गतिमान है। पुच्छीसुणं जाप के लाभार्थी चंद्रप्रकाश पुनीतकुमार रोहितकुमार सालेचा परिवार थे। पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। सहमंत्री कल्याण श्रीश्रीमाल ने संघ की सूचनाएं प्रदान की।

# मणिरत्नम अतिथि भवन में होगा भगवती दुर्गा जागरण 22 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के कर्नाटक उत्तरभारतीय विकास सेवा संघ के तत्वावधान में 22 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से डबल रोड स्थित मणिरत्नम अतिथि भवन में 16वां मां भगवती दुर्गा जागरण समारोह का आयोजन किया गया है। सर्वजन एकता मंच के चेयरमैन राकेश शुक्ला की टीम कार्यक्रम की तैयारियों में जुटी हुई हैं। इस आयोजन में भजन गायक जिला द्विवेदी व राजू दुबे भजनों की प्रस्तुति देंगे। शाम को 6 बजे माता को चुनरी अर्पण की जाएगी।

एक अन्य कार्यक्रम में सर्वजन एकता मंच के तत्वावधान में 7 नवम्बर से दोपहर 3 बजे से तीन दिवसीय महादिव्य दरबार का आयोजन भी मणिरत्नम अतिथि भवन में किया जा रहा है जिसमें बालाजी महाराज के पीठाधीश्वर पंडोखरधाम सरकार दिव्य दरबार लगाएंगे। पहले दिन सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी।




# जीतो केकेजी जोन के पदाधिकारियों ने हुब्बल्ली छात्रावास का किया दौरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन(जीतो) की कर्नाटक, केरल और गोवा टीम(केकेजी) जोन के जीतो एपेक्स अध्यक्ष अभय श्रीश्रीमाल, उपाध्यक्ष कांतिलाल ओसवाल, राजेंद्र छाजेड़, हुब्बल्ली जीतो के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश कोठारी, जीतो छात्राओं के छात्रावास योजना अध्यक्ष भवरलाल जैन, जीतो श्रमण आरोग्यम के अध्यक्ष रमेश हरण, केकेजी जोन चेयरमैन अशोक सालेचा, केकेजी जोन के पदाधिकारी महावीर पारेख, चंद्रगुप्त कटारिया, राजेश मेहता, विक्रम रुणवाल, जेआईडब्ल्यू के पूर्व चेयरमैन गौतम ओस्तवाल, पूर्व सचिव सोहन तातेड़,पूरनकुमार नाहटा ने केशवपुर स्थित अरिहंत सोसायटी में गर्ल्स हॉस्टल का दौरा कर जायजा लिया। पदाधिकारियों ने हुब्बल्ली छात्रावास की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए नई योजनाओं की जानकारी दी।

# मानव जीवन की सभी समस्याओं का समाधान है मां सरस्वती प्रद्त्त ज्ञान : मुनिश्री राजपद्मसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के श्रीरामपुरम एलएनपुरम श्री शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ के तत्वावधान में मां भगवती सरस्वती माता की आराधना मुनिश्री राजपद्मसागरजी एवं श्रमणपद्मसागरजी के सान्निध्य में चल रही है। सरस्वती माता की आराधना जाप अनुष्ठान में रोजाना 600 आराधक बारी बारी से लाभ ले रहे हैं। शाम को मां भगवती सरस्वती माता की भक्ति एवं आरती होती है। इस मौके पर मुनिश्री ने कहा कि ने कहा कि जब चारों और अंधकार छा जाता है तब सभी को ज्ञान की जरूरत पड़ती है इसलिए मां सरस्वती की आराधना इन दिनों के अंदर ज्ञान प्राप्ति के लिए की जाती है। नवरात्रि के दौरान सरस्वती माता की आराधना करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। सभी लोग इसमें जुड़कर अपने जीवन के अंदर छाए हुए अंधकार को दूर कर सकते है। प्रकाश की खोज के लिए इस आराधना से जुड़ना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि जब अंधकार बहुत गहन हो जाता है, तभी व्यक्ति प्रकाश की खोज में निकलता है और आज अंधकार सच में ही गहन है।

मनुष्य की जड़ें अब अतीत से जुड़ी नहीं है और न ही भविष्य के लक्ष्य रह गए है। ऐसी विकट परिस्थिति में मानव यदि मां सरस्वती की आराधना करें तो उसे विराट ऊर्जा क्षेत्र की प्राप्ति हो सकती है जिससे वह अपने जीवन में ज्ञान का प्रकाश प्रज्वलित कर सकता है।

# मां सरस्वती की आराधना से मिलता है ज्ञान और साहस : साध्वी भव्यगुणाश्री

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में



विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि आसोज शुक्ल पक्ष आराधना साधना का पर्व है।श्रुत ज्ञान की देवी मां भगवती श्री सरस्वती देवी की आराधना करने का अवसर आया है। आपका ज्ञान,आपकी विनम्रता, आपकी बुद्धि, आपके भीतर का साहस पाने के लिए विद्या देवी मां शारदा की आराधना करनी चाहिए। मां शारदा की जिसपर कृपा हो जाए तो ही लक्ष्मी की बरसात होती है। भगवती श्रुत देवी की वंदना से शरीरिक अपंगता, अपयश, निष्फलता, दरिद्रता दूर होती है। इस मौके पर राजमल गुलेच्छा, कुंदनमल रामाणी, प्रकाशचंद दक, सुरेशकुमार बंदामुथा ने पूजन का लाभ लिया।

## पूजा व सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के दीपांजलिनगर के युवाओं द्वारा आयोजित गणेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने भगवान गणेशजी की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर अन्नदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की।

# 'माँ सरस्वती की साधना से होता है आत्मकल्याण'

राणेबेन्नूरु/दक्षिण भारत । शहर के सुमतिनाथ जैन संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागर सूरीश्वरजी ने माता सरस्वती के मंत्र जाप साधना के तीसरे दिन कहा कि मां सरस्वती की आराधना जाप से जड़ता, मूर्खता, तुतलापन, गलत विचार आदि दोष समाप्त होते है। हरेक मनुष्य के लिए सरस्वती की कृपा होना बेहद खास है। माता की कृपा से



अनेक सिद्धि प्राप्त होती है, जैसे-सदाचार, विद्या, ज्ञान, विज्ञान, वैराग्य, सदाचार आदि। माता की कृपा से जीवन की कई तरह की परेशानियां भी समाप्त होती है। सरस्वती देवी संतुष्टि की देवी मानी जाती है। जीवन सिद्धि-सफलत-विद्या ज्ञान संतोष के साथ शांति का अनुभव होता है। आत्मकल्याण और शांति की तलाश जिसे हो उसे माँ सरस्वती की साधना करनी चाहिए।

# 'श्याम के लाडले श्याम' भजन संध्या 26 को

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के लालबाग रोड स्थित गोडवाड़ भवन में 26 नवम्बर को श्याम सखा परिवार द्वारा 'श्याम के लाडले श्याम' भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा तथा श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से पूजन व अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। इस भजन संध्या में सोनभद्र उत्तरप्रदेश के भजन गायक संजीव शर्मा, रायसिंहनगर राजस्थान के गायक कन्हैया झा सहित स्थानीय भजन गायक रामसुंदर बगड़िया, किशन बगडिया, श्रेया इन्दोरिया एवं पंडित मुरारी दाधीच भजनों की प्रस्तुति देंगे।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.)
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com